
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 90 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 05 नवम्बर 2025 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् - 2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में स्लीपर बसों की हड़ताल खत्म

**संचालन शुरू, परिवहन विभाग से बातचीत के बाद बिना शर्त बनी सहमति**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में प्राइवेट स्लीपर बसों की हड़ताल चौथे दिन मंगलवार को समाप्त हो गई। परिवहन मुख्यालय में हुई बातचीत के बाद बस ऑपरेटर्स यूनियन ने बिना शर्त हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इससे पहले परिवहन मंत्री और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा से भी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हो चुकी थी। बस ऑपरेटर्स यूनियन के प्रतिनिधियों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के निर्देश पर बातचीत हुई। बैठक में सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा- बिना बॉडी कोड या सुरक्षा मानकों को पूरा किए किसी भी बस के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। राजस्थान में करीब 8000 निजी स्लीपर बसों का संचालन होता है।

### आईसीसी ने हारिस रऊफ पर बैन लगाया

**पाक बॉलर ने एशिया कप में फाइटर प्लेन गिराने का इशारा किया था, सूर्या की फीस कटी**

बढ़ता राजस्थान

**दुबई।** आईसीसी ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर 2 मैच के लिए बैन लगाया है। रऊफ ने एशिया कप में भारत के खिलाफ 21 सितंबर को खेले गए सुपर-4 मैच में फाइटर प्लेन गिराने का इशारा किया था। अब वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 (मैच जारी) और 6 नवंबर 2025 को होने वाले वनडे मैच नहीं खेल सकेंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी। इसके अनुसार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की 30% फीस काटी गई है। सूर्यकुमार ने एशिया कप मैचों में पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। मैच के बाद बीसीसीआई ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल में शिकायत की थी। जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ शिकायत की थी।

### जयपुर में 14 लोगों को मारने वाले ड्राइवर पर एफआईआर

**मृतक की पत्नी बोलीं- सबकुछ उजड़ गया, बेटी ने कहा- पापा ही स्कूल छोड़ते थे**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में 26 लोगों को कुचलने वाले डंपर ड्राइवर कल्याण मीणा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। 3 नवंबर को हरमाड़ा में हुए इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई थी। 12 घायल हैं। इनमें से 7 की स्थिति गंभीर है। इन्हें सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बेकाबू डंपर ने महज 400 मीटर में 17 गाड़ियों को रौंद डाला था। देखते ही देखते सड़क पर लाशें बिछ गईं। शवों के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। 2 शवों की पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार देर रात डीसीपी ट्रैफिक सुमित मेहरड़ा ने सीआई (ट्रैफिक पुलिस) राजकिरण, एएसआई राजपाल सिंह और कॉन्स्टेबल महेश कुमार को सस्पेंड कर दिया। नो एंट्री में डंपर आने की वजह से यह कार्रवाई की गई है।

उधर, पीड़ित परिवार वालों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस मनमाना किराया वसूल रहे हैं। शव के निवाई ले जाने के लिए 2200 रुपए देने पड़े हैं। मृतक सुरेश और मुरली मीणा के परिवार वालों ने कहा कि सरकार की तरफ से कोई सुविधा फ्री नहीं है।

# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन, 8 की मौत

## 16-17 घायल; अंदर फंसे हैं 2 यात्री, बोगी काटी जा रही



बढ़ता राजस्थान

**बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं 16-17 लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है।

सीपीआरओ विपुल कुमार ने बताया कि घायल यात्रियों का इलाज रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो में जारी है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू टीम ने अब तक कई यात्रियों को बोगी से सुरक्षित निकाल लिया है। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटा जा रहा है। बोगी में 2 लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें निकाला जाएगा। वहीं कोरबा से बिलासपुर रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। आजाद हिंद एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का समय 4-5 घंटे देरी से चल रहा है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है।

**पीएम मोदी का बिहार की महिला कार्यकर्ताओं से संवाद**

# मुझे एनडीए की जीत पर संदेह नहीं : मोदी

## छठी मइया का अपमान करने वालों की जमानत जब्त होगी, महिला बोली- 2025 में 225 सीटें जीतेंगे

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बिहार की महिला कार्यकर्ताओं से संवाद किया। पीएम से बात करते हुए एक महिला ने कहा, बिहार में चुनाव है। लोकतंत्र के इस पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। इस पर पीएम मोदी ने कहा, मैंने इस चुनाव को बेहद करीब से देखा है और एक बात मैं कह सकता हूं कि एनडीए इस चुनाव में भारी बहुमत से जीत रही है। मुझे एनडीए की जीत पर कोई संदेह नहीं है। महिला संवाद के दौरान पीएम मोदी ने छठी मइया का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, इस चुनाव में ऐसी विजय दीजिए कि जिन्होंने छठी मइया का अपमान किया है, बिहार को जिन्होंने जंगलराज में रखा था, उनकी जमानत जब्त होनी चाहिए। इसी दौरान एक महिला ने कहा, हम विश्वास दिलाते हैं कि इस बार के चुनाव में बिहार रिकॉर्ड तोड़ेगा। 2025 के चुनाव में एनडीए को 225 सीटें आएंगी। इस पर मोदी हंसने लगते हैं।

### इस बार पिछले 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ेंगे

पीएम ने कहा, इस चुनाव में ये पक्का हो चुका है कि एनडीए की भारी बहुमत से विजय हो रही है। आज बिहार में जो विकास हो रहा है, वो गरीब, दलित, महादलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा, सभी के मन में बस गया है। बिहार के लोग मन बना चुके हैं कि इस बार एनडीए की जीत, पिछले 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ देगी। वही जंगलराज वालों को अब तक की सबसे करारी हार मिलेगी। बिहार का विकास एनडीए ही कर सकती है।



प्रधानमंत्री ने कहा, इस चुनाव में ऐसी विजय देनी है कि जिन्होंने झूठ बोला है, छठी मइया का अपमान किया है, बिहार को जिन्होंने जंगलराज में रखा था, उनकी जमानत जब्त होनी चाहिए।

### जब कानून का राज होता है तो महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है-पीएम

जब सुशासन होता है, कानून व्यवस्था का राज होता है तो महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। इसलिए बिहार की बेटियां अब स्वरोजगार के जरिए नौकरी देने वाली भी बन रही हैं। मुद्रा योजना ने छोटे व्यापार के सपने पूरे किए हैं। जीविका दीदी और डेयरी योजनाओं ने आत्मनिर्भरता की ताकत दी है।

# 10% आबादी सेना को कंट्रोल करती है : राहुल गांधी

## औरंगाबाद में कहा- 90 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की, उनकी हिस्सेदारी कहीं नहीं

बढ़ता राजस्थान



**औरंगाबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार (4 नवंबर) को औरंगाबाद के कुटुंबा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की 10 प्रतिशत आबादी के नियंत्रण में है। उन्होंने यह दावा ऊंची जातियों के संदर्भ में किया। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, अगर आप गौर से देखें, तो देश की 90 प्रतिशत आबादी दलित, महादलित, पिछड़ी, अति पिछड़ी या अल्पसंख्यक समुदायों से है। 90 प्रतिशत लोग समाज के सबसे पिछड़े और आदिवासी तबके से आते हैं। अगर आप भारत की 500 सबसे बड़ी कंपनियों की सूची निकालें, तो आपको पिछड़े या दलित समुदायों का कोई भी व्यक्ति वहां नहीं मिलेगा। वे सभी शीर्ष 10 प्रतिशत से आते हैं। सभी नौकरियां उन्हीं के पास जाती हैं। सशस्त्र बलों पर उनका नियंत्रण है। आपको शेष 90 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व कहीं नहीं मिलेगा।

### बिहार में नीतीश जी सरकार नहीं चला रहे हैं

इससे पहले राहुल गांधी ने लोगों से पूछा, कैसे हैं आप लोग। मूड कैसा है आपका। नीतीश जी को हटाने का प्लान है आपका। काम जारी है आपका। चल रहा है। 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। वो चला रहे हैं, लेकिन चल नहीं रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार दिल्ली से मोदी जी के ऑर्डर पर चल रही है। यहां आप लोगों के लिए सरकार के पास जमीन नहीं है, लेकिन मोदी जी के पास अडाणी, अंबानी के लिए बहुत जमीनें हैं।

राहुल ने कहा कि ये लोग जानते हैं कि बिहार का चुनाव हार रहे हैं। ये इसी में लगे हैं। इन लोगों ने काम तो किए नहीं जो उनके बूते चुनाव जीते तो ये वोट चोरी कर लेते हैं।

### वोट चोरी नहीं हुई तो महागठबंधन बनाएगी सरकार

इसके बाद उन्होंने गयाजी में जनसभा की। राहुल गांधी ने संविधान दिखाते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि एक व्यक्ति को एक वोट मिलना चाहिए। मोदी और शाह इलेक्शन कमीशन के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। मोदी ने कहा था कि अब की बार 400 पार, नहीं हुआ। अगर वोट चोरी नहीं होता तो इंडिया गठबंधन की सरकार दिल्ली में होती। बिहार में ऐसा नहीं होगा, बिहार का युवा अबकी बार इन्हें रोकेगा। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार बिना वोट चोरी किए बिहार में चुनाव नहीं जीत सकते। जनता ने वोट चोरी रोक दी तो बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के युवा देश के सभा राज्यों में मजदूरी करते हैं। ये क्यों हुआ, क्योंकि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी ने बिहार के युवाओं को बेरोजगारी का तोहफा दिया है। देश जानता है कि बिहारियों में कोई कमी नहीं है। इनमें शक्ति, एनर्जी है, लेकिन किसी कारण बिहार में बिहार के युवाओं को रोजगार नहीं मिलता है। राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं।

# जयपुर में एक और बड़ा हादसा टला

## पूर्व आईएएस का परिवार बचा; बस ने कार को मारी टक्कर, पत्नी बोली- पुलिस बेपरवाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में हरमाड़ा के बाद मंगलवार को एक और बड़ा हादसा टल गया। पंजाब रोडवेज की बस ने पूर्व आईएएस की फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व आईएएस और उनकी पत्नी बाल-बाल बच गईं। हादसा मंगलवार दोपहर जेएलएन मार्ग पर गणेश मंदिर के चौराहे का है।

कॉन्स्टेबल कंवर सिंह ने बताया- जयपुर के गणेश मंदिर चौराहे पर पीबी 10 एचटी 2632 की बस ने फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी का बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में पूर्व आईएएस अशोक संपत राम, उनकी पत्नी सिमरत कौर और ड्राइवर कुलदीप थे।

पूर्व आईएएस की पत्नी बस को रोका


पूर्व आईएएस अशोक संपतराम स्वास्थ्य समस्या के चलते संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती थे। उनकी पत्नी सिमरत कौर और ड्राइवर उन्हें हॉस्पिटल से घर लेकर लौट रहे थे। इस दौरान पंजाब रोडवेज की तीन बसें जा रही थी। एक बस ने अचानक कार को साइड से दबाते हुए टक्कर मार दी।

बस ड्राइवर घटना के बाद आगे बढ़ने लगा, ऐसे में पूर्व आईएएस की पत्नी खुद कार से उतरी और दौड़कर बस को रोका। उन्होंने न केवल बस को रुकवाया बल्कि ड्राइवर से चाबी भी ले ली। इस दौरान उन्होंने कई बार ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस को कॉल किया, लेकिन करीब आधे घंटे तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की ड्रोन व युद्धक तैयारियों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी लगातार सैन्य तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। बीते दिनों कई सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर चुके सेना प्रमुख ने अब ड्रोन तैयारियों, प्रशिक्षण में नवाचार समेत विभिन्न विषयों का निरीक्षण किया। दरअसल थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खड़गा कोर का दौरा किया है। यहां उन्होंने ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें युद्धक क्षमता को सुदृढ़ करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। गौरतलब है आधुनिक युद्धों के तौर तरीके व तकनीक लगातार बदल रही है। अब पारंपरिक युद्धों की भांति जंग केवल बंदूक व तोपों तक सीमित नहीं रह गई है। आज के युद्धों में ड्रोन व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा रोबोट और डेटा वॉरफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है। सेनाध्यक्ष ने जहां यहां ड्रोन तैयारियों की जानकारी ली वहीं उन्होंने कोर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की। उन्होंने ड्रोन डिजाइन एवं प्रशिक्षण में नवाचार,



लॉजिस्टिक्स और प्रशासन में उन्नत तकनीकी समाधान अपनाने, पूर्व सैनिकों व परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा ऑपरेशन राहत के अंतर्गत मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की। थल सेना प्रमुख ने यह भी रेखांकित किया कि खड़गा कोर द्वारा मिलिटरी-सिविल फ्यूजन को प्रोत्साहन देकर सस्टेनेबल सिक्योरिटी की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है।

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers


Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

## सम्पादकीय

# विभाजनकारी बयान, राहुल गांधी जातीय वैमनस्य को दे रहे हैं हवा

राहुल गांधी एक लंबे समय से यह प्रचारित कर रहे हैं कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च जातियों का आधिपत्य है और दलित-पिछड़ी जातियां हाशिये पर धकेल दी गई हैं। गत दिवस बिहार में उन्होंने यह भी कह दिया कि यही स्थिति सेना में भी है। उनकी मानें तो उच्च जातियों के दस प्रतिशत लोगों ने सेना पर नियंत्रण कर रखा है। पहला प्रश्न तो यही उठता है कि उन्हें यह कैसे पता चला और दूसरा यह कि आखिर दस प्रतिशत लोगों का सेना पर नियंत्रण होने का क्या मतलब? वे ऐसे बयान देकर न केवल लोगों को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि सेना की छवि भी मलिन कर रहे हैं। कम से कम उन्हें सेना को तो बख्श देना चाहिए, जिसमें जाति, पंथ आदि के लिए कोई स्थान नहीं। कोई भी यह नहीं कह सकता कि सेना की भर्ती में किसी तरह का भेदभाव होता है। यह ठीक नहीं कि राहुल गांधी जाने-अनजाने सेना की साख पर प्रहार कर रहे हैं। लगता है वे यह भूल गए कि कुछ समय पहले सेना को नीचा दिखाने वाले अपने बयान के लिए उन्हें किस तरह सुप्रीम कोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा था। यह विचित्र है कि राहुल गांधी सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख कर यह तो कहते रहते हैं कि वहां दस प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली उच्च जातियों का प्रभुत्व है, लेकिन यह नहीं स्पष्ट करते कि खुद कांग्रेस के विभिन्न संगठनों



में दलित, पिछड़ी जातियों का कितना प्रतिनिधित्व है? राहुल गांधी की समझ से असमान प्रतिनिधित्व का एक मात्र उपाय जातिगत जनगणना है। हालांकि जातिगत जनगणना कराने का फैसला ले लिया गया है, लेकिन उन्हें इतने से ही संतोष नहीं। वे इसकी गिनती भी चाह रहे हैं कि किस क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं? क्या इससे वह असमान प्रतिनिधित्व दूर हो जाएगा, जिसकी चर्चा राहुल गांधी करते रहते हैं? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मनमोहन सरकार के समय सच्चर कमेटी के जरिये यह जानने की चेष्टा की गई थी कि सेना में कितने मुस्लिम हैं? सेना की आपत्ति के बाद ऐसा नहीं हो सका। बीते कुछ समय से राहुल गांधी खुद को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पक्षधर साबित करने में लगे हुए हैं, लेकिन सब जानते हैं कि राजीव गांधी के समय किस तरह कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण का प्रबल विरोध किया था। राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए असमान प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए क्या किया? असमान प्रतिनिधित्व की समस्या से इन्कार नहीं, लेकिन इसका समाधान समाज को विभाजित करना और जातियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना नहीं है। दुर्भाग्य से राहुल गांधी ऐसा ही कर रहे रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए जातीय वैमनस्य को भी हवा दे रहे हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 5 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1556 - पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
- 1630 - स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1639 - मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
- 1678 - जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा जमाया।
- 1725 - स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1811 - स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
- 1854 - क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
- 1872 - उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1914 - इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
- 1920 - 'इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी' की स्थापना।
- 1930 - अमेरिका के महान् साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को उनकी कृति 'बाबित्त' के लिये साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- 1951 - नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1961 - भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने न्यूयार्क की यात्रा की।
- 1976 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1985 - 24 वर्ष तक शासन करने के बाद तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरेरे द्वारा पदत्याग।
- 1995 - इस्रायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की गोली मारकर नृशंस हत्या।
- 1999 - वेस्टइंडीज के महानतम तेज गेंदबाज़ मैल्कम मार्शल का निधन।
- 2001 - भारत तथा रूस ने अफग़ान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंज़ूर की।

## विशेष आलेख

# सुरक्षा को अनदेखा करने की कीमतः जयपुर हरमाड़ा हादसा और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी



डॉ नयन प्रकाश गांधी







जयपुर के हरमाड़ा क्षेत्र में घटित भयानक सडक़ दुर्घटना, जिसमें एक अनियंत्रित डंपर ने कई वाहनों एवं राहगीरों को कुचलते हुए चौदह से अधिक जिंदगियों को लील लिया, हमारे समाज की लापरवाही का एक क्रूर आईना है। यह घटना महज एक सडक़ हादसा नहीं, बल्कि उस बढ़ती संवेदनहीनता, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और नियमों की खुलेआम अनदेखी का परिणाम है, जो हमारे समाज में धीरे-धीरे घर कर गई है।

**आंकड़ों से परे मानव संवेदना :** दुर्घटनाएँ धीरे-धीरे सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रह गई हैं। समाचारों में मृतकों की संख्या, घायलों का हाल, और दुर्घटनास्थल के दृश्य ,यही सब पढक़र हम आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन हम भूल जाते हैं कि हर संख्या के पीछे एक परिवार, सपने, और भावनाएं जुड़ी होती है। आधुनिक तकनीकी युग में बदलती जीवनशैली और तेज़ रफ्तार जीवनशैली ने हमें 'जल्दी पहुंचना' सबसे ज़रूरी बना दिया है। समय की कमी, लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मोबाइल फोन की लत, और शॉर्ट ध्यान अवधि जैसी आदतों ने आज लगभग हर इंसान को लापरवाह बना दिया है। आज का युवा हो वरिष्ठ हो सभी के लिए ड्राइविंग के दौरान फोन का इस्तेमाल, शराब पीकर वाहन चलाना, सुरक्षा उपकरणों के प्रति लापरवाही, और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी आम हो चली है। इसकी परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है, जहाँ लापरवाही एक परिवार की खुशियां निगल जाती है।

**लापरवाही की हद- आग से लेकर सडक़ तक :** अस्पताल, बस या घर कहीं भी छोटे-छोटे सुरक्षा उपायों में कोताही बड़ी जनहानि का कारण बन जाती है। आग की घटनाओं में श्रेय अक्सर बिजली के शॉर्ट सर्किट, खुली लपटों, सिगरेट या बीड़ी के असावधान टुकड़े, या गैर-मानक वायरिंग को जाता है। वहीं, सडक़ पर वाहनों की नियमित फिटनेस न करवाना, खराब ब्रेक या टायर से समझौता, या शराब के नशे में वाहन चलाना ,ये सभी लापरवाही और जल्दबाज़ी की कडियां किसी ना किसी त्रासदी में बदल जाती हैं।

**सख्ती की आवश्यकता- नियम, प्रवर्तन और जनजागरूकता :** इस दौर में, केवल व्यक्ति विशेष की या किसी संस्थान विशेष की जिम़्मेदारी तक सीमित रहकर इन समस्याओं का हल संभव नहीं है।एक व्यापक, संयुक्त और संवेदनशील प्रयास ज़रूरी है।

**व्यक्तिगत स्तरः** वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी, हमेशा सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, और शराब पीकर वाहन चलाने से पूरी तरह परहेज अत्यंत आवश्यक हैं।

**सुरक्षा उपकरणः** अपने घर व दफ्तर में स्मोक डिटेक्टर और अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से लगवाएं। समय-समय पर विद्युत तारों एवं उपकरणों की जाँच करवाएं।

**सार्वजनिक व्यवस्थाः** सार्वजनिक स्थानों पर निकास मार्ग हमेशा खुले रखें, और आपातकालीन ड्रिल का नियमित अभ्यास हो।

**वाहन जाँचः** वाहनों की समय-समय पर फिटनेस जाँच एवं आवश्यक सर्विसिंग करवाना, छोटे-छोटे पार्ट्स की नियमित जांच बड़े हादसों से बचा सकती है।

**समुदायिक प्रयासः** मोहल्ला समितियाँ, स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थलों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएँ ताकि नियमों का पालन एक सामाजिक आदर्श बन सके।

**सरकार व प्रशासन की भूमिका :** सडक़ एवं अग्नि सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालन करवाया जाए। वाहनों के फिटनेस प्रमाणन हेतु पारदर्शी और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बिना रिश्वत दीए सुरक्षा मानकों की पुष्टि संभव हो। यातायात पुलिस व प्रशासन को तकनीकी संसाधनों से लैस किया जाए जिससे शराबी व लापरवाह ड्राइवरों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। मीडिया, समाजसेवी संस्थान और प्रशासन मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाएँ, जिसमें आमजन को यह बताया जाए कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।

**सरकार के लिए ठोस सुझाव- सख्त निगरानी, तकनीकी उपाय एवं सामाजिकानुप्रेरणा :** ड्रंक ड्राइविंग की जाँच के लिए ब्रेथ एनालाइजऱ और मोबाइल टेस्टिंग यूनिट्स की तैनातीः हर शहरी और ग्रामीण चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस को आधुनिक ब्रेथ एनालाइजऱ देना चाहिए, जिससे मौके पर ही शराब के प्रभाव की निष्पक्ष जांच हो सके।

**रात के समय विशेष अभियानः** रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक सडक़ सुरक्षा अभियान एवं अचानक चेकिंग स्थानीय और राज्य पुलिस मिलकर करे।

**सीसीटीवी और डिजिटल निगरानीः** मुख्य मार्गों व संवेदनशील क्षेत्रों में अत्यधिक सीसीटीवी फुटेज की निगरानी, एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की जाए।

**दंड का पारदर्शी क्रियान्वयनः** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भारी जुर्माना, लाइसेंस निरस्तीकरण की त्वरित कार्यवाही हर स्थिति में सुनिश्चित की जाए। ट्रैफिक पुलिस पर परफॉरमेंस ट्रैकिंग शुरू हो।

**जन-जागरूकता अभियानः** सडक़ सुरक्षा और ड्रंक ड्राइविंग के दुष्परिणामों पर मीडिया, स्कूल-कॉलेज, और सामाजिक समूहों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाए।

# अन्न ब्रह्म है- अन्न की बर्बादी, एक नैतिक अपराध।




सुनील कुमार महला

*किसान दिन-रात परिश्रम करके धरती माता से अन्न उपजाता है, इसलिए अन्न का प्रत्येक दाना हमारे लिए अमूल्य है। इसलिए भोजन करते समय हमें कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए और अन्न की बर्बादी से बचना चाहिए।*

अन्न हमारे जीवन का आधार है। यह न केवल शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि जीवन को बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी है।सच तो यह है कि अन्न के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। वास्तव में, यह श्रम, प्रकृति और ईश्वर की देन है। किसान दिन-रात परिश्रम करके धरती माता से अन्न उपजाता है, इसलिए अन्न का प्रत्येक दाना हमारे लिए अमूल्य है। इसलिए भोजन करते समय हमें कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए और अन्न की बर्बादी से बचना चाहिए। जो अन्न हम व्यर्थ फेंक देते हैं, जूठन में छोड़ देते हैं, वही किसी गरीब, जरूरतमंद की भूख मिटा सकता है। अतः अन्न का सम्मान करना न केवल नैतिक कर्तव्य है, बल्कि मानवता का भी परिचायक है। सच कहा गया है- 'अन्न ही जीवन है, अन्न ही धन है।पाठक जानते होंगे कि हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में अन्न को 'ब्रह्म' कहा गया है- 'अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्।' अर्थात् अन्न स्वयं ईश्वर का रूप है। हमारी परंपराओं में भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार और परमात्मा का प्रसाद माना गया है। यही कारण है कि भोजन शुरू करने से पहले 'अन्नदाता सुखी भव' कहकर किसान और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट किया जाता है, किंतु आज जब हम आधुनिकता, उपभोक्तावाद और दिखावे की संस्कृति में उलझते जा रहे हैं, तब अन्न का यह दिव्य स्वरूप हमारे व्यवहार से ओझल होता जा रहा है।सच तो यह है कि आज के हमारे समाज में एक विचित्र-सा विरोधाभास दिखाई देता है।मसलन, एक ओर करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते हैं, भूख और कुपोषण से जूझते हैं, वहीं दूसरी ओर शहरों के आलीशान समारोहों, शादी-ब्याह, बर्थडे पार्टी, कॉरपोरेट लंच और मंदिरों की सवामणी/प्रशाद/भंडारा तक में भोजन की भारी मात्रा में बर्बादी होती है। भोजन के पहाड़ जैसे ढेर कचरे में मिल जाते हैं, जबकि किसी भूखे बच्चे की आंखें उसी भोजन की तलाश में आसमान ताकती रह जाती हैं। यह दृश्य केवल सामाजिक असमानता का प्रतीक नहीं है, बल्कि हमारी भारी संवेदनहीनता का भी दर्पण है। अन्न की बर्बादी का सामाजिक पहलू हमारा देश भारत, विश्व का एक बड़ा कृषि प्रधान देश है और यहां की अधिकतर आबादी भी कृषि पर ही निर्भर है।हमारे यहां अन्न केवल भोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का अहम् और महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसान अपनी मेहनत, पसीने और उम्मीदों से धरती से अन्न उपजाता है। उस एक-एक दाने में उसकी कई-कई रातों की नींद और वर्षों का अनुभव जुड़ा होता है। जब हम किसी आयोजन में बिना सोचे-समझे प्लेटों में खाना जूठन के रूप में छोड़ देते हैं या थालियों में परोसकर फेंक देते हैं, तो यह केवल भोजन की नहीं, बल्कि किसान, मजदूर के परिश्रम की भी बर्बादी है। यह अन्न/भोजन बनाने वाले का भी एक प्रकार से अपमान है, क्यों कि भोजन बनाने में भी श्रम लगता है। वास्तव में, यह एक प्रकार का अन्न का बड़ा अपमान ही है।

**अन्न बर्बादी के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव :** अन्न की बर्बादी केवल नैतिक या सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट भी है।

## लघु कथा — बढ़ता राजस्थान



'छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सो के सहारे हैं!' भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वार्तालाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा—पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया। चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।चौथा आपकी तरह! मेरी तरह! ऐसे बीमार, निःसहाय! नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी। मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है? पिता ने मुस्कुराकर पूछा।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# रोजाना की ये आदतें चुपचाप कर रही हैं आपके दिल को कमजोर , तुरंत कर लें सुधार वरना पड़ेगा पछताना

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत के लिए समय निकालना भूल गए हैं। यही वजह है कि आजकल कम उम्र में लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि हमारी दैनिक दिनचर्या की छोटी-छोटी खराब आदतें हमारे दिल की सेहत के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। जी हां, आपकी रोजमर्रा की कुछ गलत आदतें हमारे दिल के लिए साइलेंट किलर का काम करती हैं। ऐसे में, अगर आप भी अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो कुछ गलत आदतों को आज ही छोड़ दें। अत्यधिक तनाव स्ट्रेस यानी तनाव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, दोनों पर असर डालता है। लंबे समय तक तनाव में रहने के कारण घबराहट, नींद में कमी , सीने में जकडऩ और पाचन संबंधी परेशानी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यह धीरे-धीरे दिल के लिए साइलेंट किलर का काम करता है। अगर आप अपने हृदय को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो आपको तनाव कम से कम लेना चाहिए। तनाव को कम करने के लिए ध्यान, योग और मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं।

**नींद की कमी :** आजकल की मॉडर्न लाइफस्टाइल में लोग देर रात तक जागते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। नींद की कमी के कारण ब्लड प्रेशर बढना, वजन बढना और थकान जैसी समस्याएं होने लगती हैं। यह समस्या आगे चलकर हार्ट अटैक के रिस्क को बढ़ा सकती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि नींद की कमी से हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में, आपको रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद अवश्य लेनी चाहिए। घंटे एक ही जगह पर बैठे रहने या देर रात तक मोबाइल चलाने के कारण भी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**वृष**
आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं और माहौल खुशियों से भरा रहेगा, लेकिन फिर भी आस-पड़ोस में कोई वाद-विवाद होने से आपके मन में थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपका रचनात्मक कार्यो में काफी अच्छा समय बीतेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

**कर्क**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों से आपकी खूब पटेगी। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें सतर्क रहना होगा।

**सिंह**
आज का दिन रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। वरिष्ठ सदस्यों की कृपा आप पर बनी रहेगी।

**कन्या**
आज आपको वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा। आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने तकनीकी ज्ञान का पूरा लाभ मिलेगा।

**तुला**
आज आपका कोई कानूनी मामला आपको समस्या देगा। आपके कुछ मनचाहे खर्च हो सकते हैं। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में आपकी अच्छी साख रहेगी। नौकरी में आपको अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको व्यापार में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहेगा। आप अपनी जरूरत से ज्यादा खर्च करेंगे, जो आपको समस्या देंगे। नौकरी में कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। जीवनसाथी को लेकर आप किसी तीर्थ स्थान पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने घर की साज सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरी फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। परिवार में किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई मुद्दा सिर उठा सकता है। वरिष्ठ सदस्यों से आप कुछ पुरानी बातों को निकलवाने की कोशिश करेंगे।

**मीन**
आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचाना होगा और आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपका कोई भारी नुकसान भी हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे।

## विजयवर्गीय वैश्य महासभा ने समाजसेवी अशोक गांधी को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान
टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माडंकला मीनि पुष्कर में टोंक प्रदेशाध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय पीपलू वाले द्वारा माडंकला में सहयोग देने वाले भामाशाह का स्वागत किया गया है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री व कार्यक्रम संयोजक हाउसिंग बोर्ड कालोनी वैलफेयर सोसायटी टोंक तथा समाजसेवी अशोक कुमार गांधी, मन्जू गांधी, राजेश विजयवर्गीय राजपुरा वाले को दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में महेश विजयवर्गीय पूर्व महापोर महासभा अध्यक्ष बलदेव प्रदेशाध्यक्ष टोंक, सीताराम पंवालिया अध्यक्ष नव युवक मण्डल कोटा, रामजीलाल विजयवर्गीय जिलाध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय वैष्य महासम्मेलन टोंक, सुरेश विजयवर्गीय बिणजारी, कार्यक्रम संयोजक मांडकला, रमेश विजयवर्गीय मुल्तानी अध्यक्ष विजयवर्गीय समाज टोंक एवं सुरभी विजय आदि मौजूद थे।

## राजकीय किशोर, शिशु एवं पालना गृह का निरीक्षण किया न्यायाधीश ने



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा राजकीय किशोर व शिशु एवं पालना गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह की समुचित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। राजकीय किशोर गृह में 02 बालक आश्रित हैं एवं शिशु गृह टोंक में 02 शिशु एक शिशु 04 वर्ष का व 03 वर्ष के पाए गए। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान संधारित किए जाने वाले रजिस्टरों आदि को जाँचा गया एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के प्रचार के संबंध में जानकारी ली गई। राजकीय किशोर गृह टोंक में भवन की स्थितिए भवन की साफ.-सफाई, मनोविज्ञानी व स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय पर स्टाफ सदस्य महेन्द्र वर्मा कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान एडीजे ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## कार्तिक पूर्णिमा का पवित्र स्नान आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** मिनी पुष्कर मांडकला में कार्तिक माह का पवित्र स्नान 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। रात्रि में सभी समाजों के मंदिरों में जागरण होगा, वहीं सुबह भोग लगाकर श्रद्धालु मांडकला सरोवर में पवित्र स्नान करेंगे। मांडकला मेले की शुरुआत भी कार्तिक पूर्णिमा पर ग्राम पंचायत नगर फोर्ट द्वारा ध्वज पूजन के साथ विधिवत रूप से की जाती है। यह मेला, जो पशु मेले के रूप में प्रसिद्ध है, लगभग एक माह तक चलता है। देश में पंचायतों के गठन के साथ ही इस मेले की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी एवं नगर फोर्ट के प्रथम सरपंच स्वर्गीय पंडित श्रीनिवास शर्मा द्वारा की गई थी। तब से यह मेला ग्राम पंचायत द्वारा निरंतर आयोजित किया जा रहा है। मेले में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि की संपूर्ण व्यवस्था पंचायत द्वारा की जाती है।

## देव उठनी एकादशी पर नगर फोर्ट श्याम मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** श्री खाटू श्याम के जन्म दिवस पर नगर फोर्ट श्याम मंदिर में भव्य आयोजन हुआ हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के मंदिर में ढोक लगाई पूजा अर्चना की । पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया सुगंधित फूलों से ओर आकर्षित पोशाक से बाबा का श्रृंगार पंडित श्री ओम प्रकाश शर्मा और शिवम शर्मा ने किया पूरे दिन बाबा के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को समिति की ओर से प्रसाद का वितरण हुआ ! कई गांवों के लोग पैदल यात्रा ओर निशान यात्रा लेकर आए ।मंदिर समिति की ओर से श्री अश्वनी जी , पारस जी गर्ग ,विमल जी जैन,विनोद नागर,कालू माली ,निखिल व्यास,कमलेश राव,कार्तिक धाकड़,अनिल तवर, गिरिराज साहू, सुरेन्द्र गुरुजी,लीलाधर साहू, परमानंद मिश्रा,गोविंद नामा, रवि नामा,कमल साहू आदि श्याम भक्तों ने पूरे दिन मंदिर व्यवस्था में सेवाएं दी

## बनास नदी में नहाते समय बहे युवक का शव मिला

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** मेहन्दवास थाना क्षेत्र से बह रही बनास नदी में नहाते समय डूबे युवक का शव चौथे दिन करीब 65 घंटे बाद मंगलवार को घटना स्थल से करीब दस किलोमीटर अमीनपुरा रपटे पर मिला।

एसडीआरएफ टीम कमांडर राजेन्द्र गुर्जर ने बताया कि शव अमीनपुरा रपटा के पास मिला है। टीम ने शव निकालकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

उन्होने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे दोस्तों के साथ थली निवासी राकेश कीर (28) पुत्र रमेश कीर बनास नदी में मन्दिर के पीछे बने घाट पर नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद वह नजर नहीं आया, उसके लास्ता होने पर दोस्त घबरा गये। उन्होने अपने स्तर पर आस-पास तलाशा, लेकिन नजर नहीं आया तो पुलिस और उसके परिजनों को सूचना दी।

ऑपरेशन एंटी वायरस: फर्जी सिम-खातों व टिपर्स पर कसा शिकंजा

# तीन माह में 75 गिरफ्तार, 60 प्रकरण दर्ज, 35 करोड़ रुपए के लेन-देन का खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले में साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ''ऑपरेशन एंटीवायरस'' अभियान के तहत बीते तीन माह में 75 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 60 प्रकरण दर्ज किए गए और करीब 35 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ है।

### म्यूल अकाउंट्स से 25 करोड़ का लेन-देन

कुछ लोग चंद पैसों के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेच देते हैं। ऐसे 29 मामलों में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन खातों को फ्रीज़ कर करीब 25 करोड़ रुपए के लेन-देन का पता चला है।



इसी प्रकार अपनी आईडी से सिम खरीदकर साइबर अपराधियों को बेचने वाले 4 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इन पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

### साइबर अपराधियों में मचा हडक़ंप

लगातार पुलिस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में डर का माहौल है। पहले जहां हर माह 90-100 अपराधी पोर्टल पर दर्ज होते थे, अब यह संख्या घटकर 35 रह गई है। पुलिस का लक्ष्य इसे शून्य तक लाना है।

### टिपर्स से 10 करोड़ की ठगी का खुलासा

ट्रेडिंग, इन्वेस्टमेंट और पैसे डबल करने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले 49 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 7 लाख नकद, 3 मोटरसाइकिल, 3 चौपहिया वाहन, बैंक पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। इनसे करीब 10 करोड़ रुपए की ठगी का हिसाब मिला है।

### जागरूकता भी साथ-साथ

सभी थानों की ओर से स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लगातार सतर्कता संदेश साझा किए जा रहे हैं। जल्द ही साइबर अपराध से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### इनका कहना है

साइबर सेल और साइबर थाना सवाईमाधोपुर ने विशेष कार्ययोजना बनाकर जिलेभर में साइबर ठगी, म्यूल अकाउंट्स (किराये के खाते), फर्जी सिम विक्रेताओं और टिपर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। नागरिकों से अपील की है कि किसी भी लालच में आकर अपना बैंक खाता या सिम कार्ड किसी को न दें। किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें और साइबर ठगी की सूचना तुरंत हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में दें।

अनिल कुमार बेनीवाल, पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर

## ऑल इण्डिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम यूनिट द्वारा नशा मुक्त अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** ऑल इण्डिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम यूनिट द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वन विहार कॉलोनी जखीरा टोंक में आयोजित किया गया।

जिला संयोजक मौलाना मोहम्मद वसीम नदवी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में समाज में बढ़ती नशे की प्रवृति के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करना एवं उन्हें एक स्वस्थ तथा नशामुक्त जीवन शैली अपनानें के लिए प्रेरित करना था। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय निवासीयों विशेषकर युवाओं के साथ नशे के दुष्प्रभावों पर जानकारी देते हुए विस्तार से चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित चिकित्सक अब्दुर रब द्वारा नशे की लत के शिकार व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं परिवार के सहयोग के महत्व पर बल दिया गया। चिकित्सक द्वारा आमजन के मध्य नशे से होने वाले गंभीर रोगो के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। जिला संयोजक वसीम नदवी ने बताया कि यह जागरूकता अभियान समाज को नशे के चंगुल से मुक्त कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने बताया कि हमारी संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को जारी रखेगी एवं नशा पीडितों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। वसीम नदवी नें बताया कि हमारा मानना है कि नशा मुक्त समाज का निर्माण ही खुशहाल एवं प्रगतीशील समाज की नींव है। वसीम नदवी नें समस्त नागरिकों से अपील की है कि वह इस नेक एवं पुनीत पहल में अपना सहयोग करें तथा नशे के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय भागीदारी सुर्निनिश्चत करें। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता नफीस अहमद, शकील, अदनान, अब्दुल रशीद सेवानिवृत कम्पाउंडर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आमजन के मध्य अभियान से संबंधित पम्पलेट्स वितरीत किये गये।

## भजनों में थिरके मीणा, राजनीति के 'दलदल' पर कसा तंज

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड सर्किट हाउस रोड स्थित मैरिज गार्डन में आयोजित एक शाम गौमाता के नाम' भजन संध्या कार्यक्रम में बीती रात कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शिरकत की. इसमें कृषि मंत्री मीणा जहां एक ओर भजनों की थाप पर थिरकते नजर आए. साथ ही उन्होंने राजनीति की वर्तमान दशा और उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए कहा कि आजकल राजनीति पानी में तैरती हुई मछली की तरह है, जिसमें वह कब पानी पी जाए पता ही नहीं चलता।

**बच्चों में डालें राष्ट्रप्रेम की भावना:** उन्होंने कहा कि माताएं-बहनें अपने बच्चों में संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावना डालें. देश में सरदार पटेल, कलाम जैसे लोग पैदा हुए हैं, जिन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है. डॉ. किरोड़ी ने कहा कि आज राजनीति सत्ता भोग का साधन बन गई है. सच्ची राजनीति वह है कि आप पर कोई धब्बा नहीं लगे. किरोड़ी ने कहा, ' मैं आजकल बेईमानों को पकडऩे का काम कर रहा हूं.' किरोड़ी ने चुटकी लेते हुए कहा कि अब हम भी ज्यादा ईमानदारी से नहीं चलते। किरोड़ी ने चाणक्य का हवाला देते हुए कहा कि तैरती मछली कब पानी पी जाए, ये कोई नहीं पकड़ सकता, ऐसा ही राजनीति में होता है। किसी दिन ऐसी ही कोई मछली पकड़ में आ जाएगी तो श्याम का दरबार भी बन जाएगा।

**संत करेंगे राजनीति में दलदल की सफाई :** आजकल राजनीति में इतना दलदल हो गया है कि इसकी सफाई 'मेरे पीछे खड़े ऐसे संतों को करनी पड़ेगी'. किरोड़ी ने कहा कि 'संतों ने जैसे मुझे आशीर्वाद दिया है कि अपने राजनीतिक जीवन पर कभी धब्बा मत लगने देना और स्वच्छ राजनीति करना, वह मैं कर रहा हूं. सत्ता सुख के लिए राजनीति में आना फैशन बन गया है'. कार्यक्रम के दौरान किरोड़ी ने अपने जीवन से जुड़ी घटनाओं और वर्तमान राजनीति पर खुलकर बोले. इस दौरान उन्होंने सवाई माधोपुर के विकास को लेकर रोड मैप भी बताया।

## चंबल घड़ियाल अभयारण्य में एक बार फिर शुरू हुई बोटिंग

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर बाघ परियोजना की तर्ज पर अब एक बार फिर राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य में पर्यटकों के लिए बोटिंग की सुविधा शुरू कर दी गई है। आमतौर पर यह सुविधा हर वर्ष एक अक्टूबर से प्रारंभ कर दी जाती है, लेकिन इस बार चंबल नदी में जलस्तर अधिक होने और लगातार बारिश के कारण वन विभाग ने एहतियातन अक्टूबर में बोटिंग शुरू नहीं की थी।

वन विभाग के अनुसार, इस वर्ष रणथम्भौर और राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य के लिए संयुक्त (कॉम्बो) टिकट जारी करने की योजना थी। इसके लिए विभाग ने प्रयास भी किए, लेकिन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीओआइटी) की ओर से आवश्यक सॉफ्टवेयर अब तक विकसित नहीं किया जा सका, जिससे यह योजना लंबित है। इसी कारण बोटिंग सुविधा भी निर्धारित समय से विलंब से शुरू हो पाई।

वन अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सॉफ्टवेयर अपडेट का कार्य प्रगति पर है। जब तक यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक पर्यटकों की सुविधा के लिए बोटिंग टिकट ऑफलाइन ही जारी किए जा रहे हैं। जल्द ही टिकट बुकिंग प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया जाएगा, जिससे पर्यटकों को और अधिक सुविधा मिल सकेगी। पर्यटकों के लिए पालीघाट पर बोटिंग शुरू कर दी गई है। जल्द ही टिकट प्रक्रिया को भी ऑनलाइन कर दिया जाएगा।

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्णा चौधरी ने किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**पीपलू/टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाक का मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्णा चौधरी ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल कार्यरत 8 जनों के स्टॉफ में से 2 कार्मिक उपस्थित मिले। साथ ही 5 कार्मिक बिना पूर्व सूचना/ स्वीकृति के अनुपस्थित मिले। इस पर सीबीईओ ने संस्था प्रधान को 6 नवंबर शाम 5 बजे तक स्पष्टीकरण व्यक्तिगत रूप से सीबीईओ कार्यालय पीपलू में उपस्थित होकर देने के निर्देश प्रदान किए। सीबीईओ ने प्रधानाचार्य सुनीता राजपुरोहित से दूरभाष पर मौके पर ही बात करके जानकारी मांगी तो स्वयं को जयपुर होना बताते हुए अनुपस्थित स्टॉफ के अवकाश आवेदन उपस्थित रजिस्टर में रखा होना बताया, लेकिन उसमें कोई अवकाश नहीं मिला। 2 शिक्षकों के अवकाश आवेदन गत माह के मिले, जो भी अस्वीकृत थे।

सीबीईओ ने निरीक्षण दौरान उपस्थिति पंजीका की जांच की। जिसमें काफी गड़बडिया सामने आई। प्रधानाचार्य सुनीता राजपुरोहित, वरिष्ठ अध्यापक इबरत अली खान, अध्यापक सोसर चावला का 31 अक्टूबर से मंगलवार तक का 4 दिवसों के हस्ताक्षर कॉलम खाली पाए गए। अध्यापक अध्यापक गोपाललाल बैरवा का 31 अक्टूबर का एवं रूपनारायण चौधरी, रामस्वरूप बैरागी का मंगलवार 4.11.2025 का हस्ताक्षर कॉलम खाली मिला। प्रधानाचार्य 23 सितंबर के बाद जब भी राजकीय कार्य से अन्यत्र गई या अवकाश पर रही तो विद्यालय प्रभारी को लेकर भी कोई आदेश प्रसारित नहीं किया। कक्षा 12 में इस सत्र में एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं है। इसके बाद भी समय विभाग चक्र में अध्यापकों का कालांश लगाया हुआ मिला। जो औचित्यहीन है। जबकि कक्षा 1 से 11 के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर न्यून है। जिनके लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है।

### इनका कहना है

प्रधानाचार्य को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए है। साथ ही उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

**कृष्णा चौधरी,** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पीपलू

पीजी महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कई कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, मुख्य वक्ता प्रो. विकास नौटियाल तथा अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने आजादी के आंदोलन में बिरसा मुंडा योगदान पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ने कहा कि भगवान



बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने जनजातीय समाज को जागरूक कर आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान के मार्ग पर अग्रसर किया। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। विशिष्ट अतिथि परशुराम धानका बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिले भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए देश की उन्नति में अपनी अहम भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. विकास नौटियाल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय विद्रोहों की भूमिका एवं जनजाति समुदायों के नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता के आदिवासी नायकों में से एक है, जिन्होंने अपने अल्प जीवन में अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी तथा आदिवासी अस्मिता को नई दिशा दी। इस अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के द्वारा बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। निबंध प्रतियोगिता में कृष्णा सैनी प्रथम, चित्रा शर्मा द्वितीय तथा जेनब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला विभाग द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन वृत पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें धनरूप बैरवा प्रथम, लवेश शर्मा द्वितीय तथा पायल मजूमदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला कलेक्टर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. दीपा सक्सैना ने आभार व्यक्त किया।

# सड़कों पर पीले टैग, नहीं कर रहे पशुओं का डेटा ट्रेस

## टैग की डिटेल से मालिक तक आसानी से पहुंच सकते हैं

**मालिक पर पाबंदी या कार्रवाई का खुल सकता है रास्ता**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** शहर के लोग घुमंतू पशुओं के हमले में जान-माल का नुकसान झेल रहे हैं और इनका मालिक कौन है इसकी किसी को जानकारी नहीं है। वैसे घूम रहे अधिकतर गोवंश के कान पर पीला टैग लगा हुआ है। टैग के जरिए डेटा ट्रेस कर मालिक तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। डिटेल मिलने के बाद मालिक को अपने पशु को कब्जे में रखने के लिए पाबंद भी किया जा सकता, लेकिन इस तरह के कोई प्रयास नहीं हो रहे। लिहाजा सड़कों पर खुले घूम रहे पशु लोगों के लिए नुकसान का पर्याय बने हुए हैं। इस सम्बंध में नगर परिषद एसआई प्रवीणकुमार व महिपालसिंह ने बताया कि घुमंतू पशुओं को पकड़ने के लिए हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

### मालिकों पर नहीं हो पा रही कार्रवाई

बताया जा रहा है कि मालिक अपने पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ रहे हैं और पकड़ते समय मालिक छुड़ाकर ले जाते हैं। नगर परिषद की ओर से इस सम्बंध में एक-दो बार प्रेस रिलीज भी जारी की जा चुकी है। लेकिन, टैग के जरिए मालिक तक पहुंचने या पशुओं को सड़क खुला छोड़ रहे मालिकों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही।

### टैग से यह खुलासा भी हो सकता है

वैसे आरोप तो यह भी है कि गोशाला में जमा कराए गए पशु वापस सड़कों पर आ रहे हैं। लिहाजा टैग की डिटेल ट्रेस होने पर इसका खुलासा हो सकता है। गोशाला का गोवंश सड़कों पर घूमता मिले तो पूरा मामला ही सामने आ सकता है कि नगर परिषद की मेहनत पर किस तरह से पानी फेरा जा रहा है। लेकिन, इस दिशा में कोई काम नहीं किया जा रहा।

### ये अलाप रहे अपना-अपना राग

नंदीशाला के नाम पर एमओयू कराने वाली संस्था केवल यही राग अलाप रही है कि घुमंतू गोवंश को तभी जमा कर सकते है जब नगर परिषद लेकर आए। वहीं, नगर परिषद महीने में बारह-पंद्रह से ज्यादा नंदी पकड़ ही नहीं रही। इसमें से भी पशु मालिक कई बार विरोध करते हुए गोवंश को छुड़ा ले जाते हैं। ऐसे में घुमंतू पशुओं से होने वाले नुकसान से कब निजात मिलेगी यह कहना मुश्किल है।

# पर्यवेक्षण प्रभारी अधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं को समयबद्ध तरीके से समाधान के लिए 13 नवम्बर को शिविर लगाए जाएंगे। इसमें सुबह 10 बजे से जनसुनवाई की जाएगी। शिविर आयोजन के लिए जिलास्तर से पर्यवेक्षण प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने बताया कि पंचायत समिति स्तर पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर से सिरोही के लिए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, पिण्डवाड़ा के लिए जिला आयुर्वेद अधिकारी, शिवगंज के लिए सांख्यिकी अधिकारी, रेवदर के लिए पीडब्ल्यूडी एसई, आबूरोड के लिए जन जाति क्षेत्रीय विकास विभाग उप निदेशक को पर्यवेक्षण प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# दो साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले में पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रागपुरा कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम को बड़ी सफलता मिली है। थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने जानकारी दी कि स्थानीय थाना प्रागपुरा की पुलिस टीम के सदस्य हेड कॉन्स्टेबल महावीर सिंह एवं कॉन्स्टेबल सीताराम ने लगातार प्रयास करते हुए करीब दो वर्षों से फरार स्थाई वारंटी अजय सिंह पुत्र गिरवर सिंह राजपूत निवासी भैंसलाना, थाना सरुण्ड, जिला कोटपूतली-बहरोड़ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता और निरंतर प्रयास का परिणाम है। फरार अपराधी की गिरफ्तारी से स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्रवाई को सराहना मिल रही है। इस अभियान का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना है।

# जितेन्द्र जेलावत अध्यक्ष भूपेन्द्र मुंडफोड़ा सचिव बनें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** जैन युवा परिषद्, उदयपुर के द्विवार्षिक चुनाव आज श्री चंद्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर, आयड़ में सम्पन्न हुए। जिसमें जितेन्द्र जोलावत अध्यक्ष, भूपेन्द्र मुडंफोड़ा सचिव चुने गये। चुनाव संरक्षक भंवर लाल गदावत, राजेश गदावत एवं विक्रम देवड़ा की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी महावीर कोठारी, महेन्द्र कुमार मालवी एवं कमल देवड़ा के निर्देशन में वर्ष 2025-27 के लिये निर्विरोध सम्पन्न हुए। कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर रविश मुंडलिया सहित समस्त कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश जोलावत ने किया।

### सवालों के जवाब नहीं दे पाए विद्यार्थी, गणित में कमजोर

**एसडीएम ने अध्यापकों को स्तर सुधारने के दिए निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा उपखंड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड़ ने झाड़ोली ग्राम पंचायत क्षेत्र में राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों से बातचीत की। सवाल भी पूछे पर छात्र जवाब नहीं दे पाए। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान पढ़ाई का स्तर परखा। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए गणित विषय का अध्यापन कराया।

इस दौरान विद्यार्थी गणित के सवालों के जवाब नहीं दे पाए। एसडीएम ने संबंधित अध्यापकों को पढ़ाई का स्तर सुधारने के लिए निर्देशित किया।

# वाटेरा में नहीं होने देंगे सांसद खेल महोत्सव, बहिष्कार की घोषणा

**ग्राम सभा में खनन परियोजना के विरोध में प्रस्ताव पारित**

## ग्रामीण हितों की अनदेखी पर कोई आयोजन नहीं होने देंगे

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा उपखंड के वाटेरा गांव में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों ने प्रस्तावित खनन परियोजना के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। ग्राम सभा में मेसर्स कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड के लिए 800 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त करने और इस संबंध में सरकार की ओर से किए गए एमओयू को तत्काल रद्द कराए जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने घोषणा की कि खनन परियोजना के विरोध में किसी तरह का खेल आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। खेल महोत्सव का बहिष्कार किया जाएगा। विशेष ग्राम सभा की अध्यक्षता प्रशासक सविता रावल ने की। ग्राम विकास अधिकारी राजेशकुमार समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हमें नहीं चाहिए दिखावटी आयोजन

ग्रामीणों का कहना रहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि उनकी जमीन, पर्यावरण और जीवन से जुड़ी मूल समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं तब ऐसे दिखावटी आयोजनों की कोई आवश्यकता नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि खनन परियोजना रद्द नहीं किए जाने तक वाटेरा में कोई भी सरकारी या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होने देंगे।

### किसान संगठनों ने दिया समर्थन

ग्राम सभा में भारतीय किसान संघ से जुड़े उत्तमसिंह, मावाराम चौधरी, मुकेश रावल, जयंतीलाल चौधरी, जब्बरसिंह समेत कई किसानों ने भी विरोध जाहिर किया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्रस्ताव पारित कराया कि यह परियोजना किसानों, जल स्रोतों और पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित होगी। इसे निरस्त किया जाएं।

### ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की

सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह संघर्ष जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए है। ग्रामीण अपने गांव की जमीन, खेत और पर्यावरण बर्बाद नहीं होने देंगे। सभा में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर खनन परियोजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि ग्राम सभा का यह प्रस्ताव क्षेत्र के सभी प्रभावित गांवों तक पहुंचाया जाएगा।

# मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम बालिकाओं को स्वच्छता किट वितरित



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए सोमवार को चाकसू के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में माहवारी स्वच्छता से जुड़ी झिझक और सामाजिक वर्जनाओं को दूर करते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस आयोजन को कोरिया दूतावास और कोट्रा के सहयोग से, अच्छे पड़ोसी सामाजिक सेवा फाउंडेशन दीपालया (दिल्ली) और भावी निर्माण सोसाइटी चाकसू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह पहल भारत सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता योजना तथा राजस्थान सरकार की उड़ान सेवा के अनुरूप थी, जिनका उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में चाकसू क्षेत्र की कक्षा 9वीं और 10वीं की लगभग 285 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता किट प्रदान की गई, जिसमें सेनेटरी पैड, गर्म पानी की थैली,अंडरवियर, साबुन और पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण थैली शामिल थीं। इन किटों के साथ छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छ आदतों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर कोरियाई दूतावास से वाणिज्यिक परामर्शदाता सुंग जून चो, वरिष्ठ शोधकर्ता अन्ना किम, कोटरा से ही-योन पार्क, सपना सिंह, अच्छे पड़ोसी से कोरियाई इकाई निदेशक जंग सियोक, कार्यक्रम प्रबंधक मजाहिर, दीपालय से कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र सिंह, सीईओ की सचिव शालिनी रोहतगी उपस्थित रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक का इकोजेन 75 प्रतिशत कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ ग्रीन मेटल में अग्रणी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पाँच चांदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान ज़िंक, अपने अग्रणी कम कार्बन जिंक ब्रांड, इकोजेन के साथ सस्टेनेबल नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है। एशिया के पहले कम कार्बन जिंक के रूप में, इकोजेन पारंपरिक जिंक की तुलना में 75 प्रतिशत से अधिक कम कार्बन तीव्रता प्रदान कर हरित विनिर्माण में नए मानक स्थापित करता है और भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोटिव, रिन्यूएबल एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर में कम कार्बन सप्लाई चेन को बढ़ावा देगा।

रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग से उत्पादित और हिन्दुस्तान जिंक के आरईएसीएच प्रमाणन द्वारा समर्थित, यह उत्पाद रेस्पोसिंबल मैन्यूफेक्चरिंग के ग्लोबल स्टेण्डर्ड के अनुरूप है। अनुमान है कि स्टील को गैल्वेनाइज करने में इकोजेन के हर टन के उपयोग से लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन को रोका जा सकेगा।

इकोजेन, हिन्दुस्तान जिंक की अपने मुख्य परिचालनों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जो जिम्मेदार संसाधन उत्पादन में एक परिवर्तनकारी कदम है।

उन्नत तकनीक को रिन्यूएबल एनर्जी के साथ जोड़कर, हिन्दुस्तान जिंक अपने परिचालनों को ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के साथ संरेखित करना और सकारात्मक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना जारी रखता है। जैसे-जैसे दुनिया भर के उद्योग कम कार्बन वाली सामग्रियों की ओर बढ़ रहे हैं, जलवायु के अनुकूल धातुओं की मांग बढ़ रही है।

इकोजेन भारत में निर्मित, उच्च-प्रदर्शन, कम कार्बन वाला जिंक समाधान प्रदान करके इस आवश्यकता को पूरा करता है जो गुणवत्ता, विश्वसनीयता या मजबूती से समझौता किए बिना औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन का समर्थन करता है और साथ ही विकसित भारत के विजन में योगदान देता है।

# स्वयं सिध्दा 2025' ने रचा नया इतिहास

## उदयपुर में गूंजा आत्मनिर्भर नारी का स्वर, 11 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई, उदयपुर द्वारा शुभकेसर गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा 2025 प्रदर्शनी ने इस वर्ष नया इतिहास रच दिया। कल संपन्न हुए इस भव्य आयोजन में 11,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और 55 लाख रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, हस्तशिल्प और हैंडमेड उत्पादों को बढ़ावा देना तथा नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना रहा। आयोजन में 101 महिला उद्यमियों ने पूरे भारतवर्ष से आकर अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। जिनमें हस्तशिल्प, वस्त्र, ज्वेलरी, फूड प्रोडक्ट्स, होम डेकोर और कई इनोवेटिव स्टार्टअप आइडियाज शामिल रहे। तीन दिनों तक चला यह आयोजन उत्साह, रंग और रचनात्मकता से भरपूर रहा। शहरवासियों ने परिवार सहित प्रदर्शनी का आनंद लिया और स्थानीय उत्पादों को भरपूर सराहा। नेटवर्किंग और ग्रोथ सेशन, स्किल डवलपमेंट वर्कशॉप और महिला नेतृत्व सत्रों ने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाएँ। लघु उद्योग भारती महिला इकाई, उदयपुर परिवार ने सभी आगंतुकों, गणमान्य अतिथियों और सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। विशेष धन्यवाद प्रायोजकों पीएमसीएच हॉस्पिटल, राजेन्द्र टोयोटा तथा मीडिया पार्टनर्स वन टू ऑल के सहयोग से आयोजन को नई ऊँचाइयाँ मिलीं। महिला इकाई की अध्यक्ष और संयोजक टीम ने बताया कि स्वयं सिद्धा केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि 'आत्मनिर्भर नारी दृ आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक बन चुकी है। इस आयोजन में भाग लेने वाली प्रत्येक उद्यमी ने यह साबित किया कि समर्पण और लगन से महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। लघु उद्योग भारती, उदयपुर की सभी इकाइयों गिर्वा, उदयपुर, सुखेर, मादड़ी, कलादवास, गुढ़ली एवं अहिल्याबाई होल्कर महिला इकाई के एकजुट प्रयास से यह आयोजन सफलता की नई मिसाल बन गया। आयोजन का समापन सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागी उद्यमियों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान को सराहा गया। स्वयं सिद्धा 2025 ने न केवल व्यापारिक दृष्टि से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की, बल्कि उदयपुर की धरती पर महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी दिया।

# बैसाखी, प्रॉपर्टी पार्सल, पेंशन पीपीओ और जॉब कार्ड मिले तो खिले ग्रामीणों के चेहरे

**राजसमंद पंचायत समिति परिसर में आयोजित हुआ ग्रामीण सेवा शिविर**

## शिविर में घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान




**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** पंचायत समिति राजसमन्द परिसर में मंगलवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण सेवा शिविर में घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों को आवासीय भूखण्ड आवंटन, आबादी विस्तार से संबंधित लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से व्यापक कार्यवाही की गई।विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्री बृजमोहन बैरवा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्री हसीजा ने घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों के आवासीय भूखण्ड आवंटन से संबंधित नियमों की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि जो परिवार आबादी भूमि में निवासरत हैं, उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा तत्काल प्रभाव से पट्टे जारी किए जाएं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बैरवा ने ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को अधिकाधिक लाभ लेने का आव्हान किया। उपखण्ड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जानकारी दी, वहीं विकास अधिकारी महेश गर्ग ने शिविर के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला। गर्ग ने बताया कि शिविर में गांव रावों का खेड़ा (घाटी) के श्री नारायण कालबेलिया को बैसाखी का वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग की स्वामित्व योजना के तहत 17 पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल जारी किए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 5 लाभार्थियों को पेंशन पीपीओ प्रदान किए गए एवं 5 जॉब कार्ड मौके पर तैयार कर वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर स्थल पर 618 व्यक्तियों की एनसीडी स्कैनिंग एवं मौखिक स्वास्थ्य जांच की गई।

गर्ग ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत 13 महिलाओं के आवेदन स्वीकृत किए गए तथा एफआरएस एवं ई-केवायसी के माध्यम से 190 महिलाओं एवं बच्चों का पंजीकरण किया गया।

# द्वारिकपुरा से दांतिल तक 2.78 किमी सड़क निर्माण का शुभारंभ

## ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा




बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** ग्राम पंचायत दांतिल के गौशाला रोड पर सोमवार को क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हंसराज पटेल ने अपने कर कमलों से द्वारिकपुरा से दांतिल तक बनने वाली 2.78 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना पर लगभग 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा विकास की रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का कार्य सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने आगे कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। यह सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नये अवसर खोलेगी और ग्रामीण अंचलों को जोड़ते हुए विकास की नई राह प्रशस्त करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार सतीश कुमार गर्ग ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सरपंच किरण देवी सांखला, चेयरमैन एडवोकेट महेन्द्र कुमार सैनी, एडवोकेट कमल कसाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, शिक्षाविद् देवी सहाय सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक समझ और भाषा को बढ़ावा देने के लिए की पहल

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी में कोरियाई दूतावास,पड़ोसी सामाजिक सेवा फाउंडेशन और दिपालया सामाजिक संस्था के सहयोग से सांस्कृतिक समझ और भाषा को बढ़ावा देने के लिए पहल की है। मंगलवार को विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर ने सभी अतिथिगणों का भव्य स्वागत किया, जिसमें कोरियाई दूतावास के सुंग जोंग सीएचओ - वाणिज्यिक परामर्शदाता, सुश्री अन्ना किम - वरिष्ठ शोधकर्ता, अच्छे पड़ोसी सामाजिक सेवा फाउंडेशन की सुश्री सुस्मिता यादव - प्रबंध निदेशक, श्री जुंगसेओक - कोरियाई इकाई निदेशक, श्री मज़ाहिर - कार्यक्रम प्रबंधक, और दीपालया के डॉ. केसी जॉर्ज - सचिव एवं सीईओ शामिल थे। यह कार्यक्रम भारत-कोरिया शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक समझ और भाषा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

लगभग 60 करोड़ के खेल विकास कार्यों को मिली मंजूरी, पटेल नगर में बनेगा बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

# विधायक कोठारी के प्रयासों से भीलवाड़ा में खेल जगत को नई दिशा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों से भीलवाड़ा में खेल सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 60 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी मिली है। इन कार्यों का उद्देश्य युवाओं और बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें मोबाइल व टीवी संस्कृति से दूर रखना है। विधायक कोठारी ने कहा कि उनका लक्ष्य शहर के युवाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। विधायक कोठारी ने बताया कि शहर के खिलाडियों की मांग पर राज्य सरकार ने द्वितीय बजट में बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की घोषणा की है, जिस पर लगभग 35 से 40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह कॉम्प्लेक्स पटेल नगर में मानसरोवर झील के समीप 6 लाख 20 हजार वर्गफीट भूमि पर बनेगा। यहां विभिन्न खेलों की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण और वातावरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि पटेल नगर स्थित सेक्टर 4 में अग्निशमन कार्यालय के पीछे 1540 वर्गमीटर क्षेत्र में स्केटिंग एरिना का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विधायक कोठारी के प्रयासों से डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 20 करोड़ रुपये की राशि के कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। मोहनलाल सुखाडिया स्टेडियम में खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए 50 मीटर लंबा तरणताल बनाया जाएगा, जिस पर 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न खेल सामग्रियों पर 50 लाख, साउथ वेस्ट और नॉर्थ पैवेलियन के रखरखाव पर 30 लाख तथा स्टेडियम व चारदीवारी के रंग-रोगन पर 10 लाख रुपये व्यय होंगे। शहर में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए प्रतापनगर विद्यालय में टर्फ मैदान के निर्माण पर 5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुलिस लाइन में जिम निर्माण और उपकरणों पर 1.9 करोड़, रामपाल उपाध्याय खेल स्टेडियम में 400 मीटर सिंडर ट्रैक और एथलेटिक्स सामग्री पर 1.3 करोड़, सुखाडिया स्टेडियम में क्रिकेट ग्राउंड पर रात्रिकालीन मैचों के लिए फ्लड लाइट लगाने पर 1 करोड़, पुलिस लाइन में 25 व 50 मीटर शूटिंग रेंज निर्माण पर 1 करोड़ तथा माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में खेल मैदान उन्नयन और सिंडर ट्रैक निर्माण पर 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय में खेल सुविधाओं के विकास के लिए 40 लाख तथा विवेकानंद तरणताल के समुचित विकास पर 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें भवन की मरम्मत व रंग-रोगन पर 20 लाख, स्केटिंग एरिना पर 20 लाख और चारदीवारी निर्माण पर 10 लाख रुपये व्यय होंगे। विधायक कोठारी ने बताया कि सभी कार्यों के लिए नगर विकास न्यास को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है और डीपीआर बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से भी युवाओं और बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए प्रयासरत हैं ताकि मोबाइल और टीवी संस्कृति के इस दौर में खेल भावना को नई ऊर्जा मिल सके।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

# जिला विकास की दिशा तय करेगी 'दिशा' बैठक



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला कलक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की आगामी बैठक को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चली, जिसमें विभागवार प्रगति एवं आगामी एजेंडा पर चर्चा की गई। एसीईओ गोपाल लाल ने बताया कि केन्द्र सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिशा समिति की मुख्य बैठक 7 नवम्बर (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, ब्यावर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता माननीय लोकसभा सदस्य राजसमन्द महिमा कुमारी मेवाड़ करेंगी। बैठक में माननीय सदस्यगण एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में भागीरथ चौधरी, माननीय लोकसभा सदस्य अजमेर एवं राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार भी उपस्थित रहेंगे।बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही विवरण का पठन एवं अनुमोदन किया जाएगा तथा केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर विभागवार विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिससे विकास कार्यों की गति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप जिला चिकित्सालय कपासन में फल एवं बिस्किट का वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा कार्यों के तहत मंगलवार को फतेहलाल चंडालिया उप जिला चिकित्सालय में उपचारित रोगियों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय की अगुवाई में फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेंद्र बागमार,,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य, मनीष बारेगामा,गिरिराज वैष्णव,अखिलेश तिवाड़ी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,गौरव दाधीच, नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,अकिल शाह,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी,राकेश आचार्य,अजय रावत, बजरंग दल के छोटू वैष्णव,सोहेल हुसैन,मुरली टेलर,अधिवक्ता पुरुषोत्तम योगी,युवा समाजसेवी मुकेश बारेगामा आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।इस दौरान सुकन्या समृद्धि कन्या योजना के खाता खुलवाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी।

## माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब भीलवाड़ा ने किया "बैक टु बचपन" अनूठे कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब भीलवाड़ा ने बचपन की यादें ताजा करते हुए बहुत जोश के साथ बैक टु बचपन (ठंबा जव ठंबीचंद) नामक एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से अपने बचपन की यादों को ताजा करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। चेयरपर्सन निशा सोनी ने बताया की इस खास दिन को सेलिब्रेट करते हुए महिलाओं के लिए फन गेम्स और विभिन्न इनडोर/आउटडोर खेलों को शामिल किया गया, जिनका सभी उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया। प्रभारी ने बहुत सारे गेम खिलाए जिसमें संध्या आगीवाल ने अगबगजोगजग, नीलम माहेश्वरी और लीना कोठारी ने आंखों पर पट्टी बांधकर, शिला दरगढ़ और किरण झंवर ने रिंग डालकर सामान उठाने वाला गेम खिलाए। डायरेक्टर ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन सोनल माहेश्वरी ने बताया की रस्सी कूद प्रतियोगिता में फर्स्ट सोनू कोगटा, सेकंड अर्चना समदानी और थर्ड मोना डाड रहे। पांच पत्थर के साथ पचिटा वाला गेम और कंचे वाले गेम को महिलाओं ने बहुत इंजॉय किया और सभी को अपने स्कूल के बचपन के दिन याद आ गए। समय पर आने वाले महिलाओं के लिए भी विशेष पुरस्कार रखे गए। समय पर आने पर चेतना जागेटिया और मधु काबरा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रति लोहिया ने सभी सदस्यों को खूब-खूब बधाई देते हुए कहा कि खेल मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी है हम सभी महिलाओं का उम्र का कोई भी हो खेल खेलते रहना चाहिए। अंत में सभी सदस्यों ने प्रभारी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने इतने अच्छे गेम्स खिलाए। साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर अपनी अपार खुशी और गर्व व्यक्त किया है।

## चितौडगढ़-कपासन राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं क्षतिग्रस्त मार्ग पर हो रही अवैध टोल वसूली के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर कपासन से जिला मुख्यालय चितौडग़ढ़ की और जाने वाले क्षतिग्रस्त राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं अवैध टोल वसूली के विरुद्ध सोमवार को क्षैत्र के युवा वर्ग द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुकेश जाट ने बताया कि कपासन से चित्तौडग़ढ़ जाने वाला राजमार्ग कपासन विधानसभा क्षैत्र का मुख्य सडक़ मार्ग है ।जो सीधा जिला मुख्यालय चित्तौडग़ढ़ से जुड़ता है।जिससे लोगों का जिला मुख्यालय हेतु अधिकतम आवागमन इसी राजमार्ग से होता है।मगर उक्त राजमार्ग क्षतिग्रस्त है ।जगह-जगह खड्डे होने से वाहनधारियो को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।साथ ही कई बार टोल अधिकारियों से मार्ग सुदृढ़ीकरण हेतु मौखिक अवगत करा आग्रह किया गया।परंतु उक्त मार्ग के बदहालात जस के तस है और लोगों से अवैध टोल वसूला जा रहा है।जिसको लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।साथ ही ज्ञापन के अंत में उक्त समस्या का त्वरित निस्तारण होने पर हाइवे जाम कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी से अवगत कराया गया है। इस ज्ञापन प्रक्रिया दौरान शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष कैलाशचंद्र गाडरी,युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विजय बारेगामा,अधिवक्ता यासुब अली बुखारी,योगेश खटीक,मुस्ताक खान,गोविंद भील,मोहम्मद आलम आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष : जनजातीय चेतना का नवजागरण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** । बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत जिलेभर में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई। जिले के सभी महाविद्यालयों में निबंध लेखन, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनका उद्देश्य युवाओं में जनजातीय इतिहास, संस्कृति, परम्परा और गौरव के प्रति गहन समझ और संवेदनशीलता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति, परम्परा एवं कला विषय पर अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्तियों के माध्यम से बिरसा मुंडा के संघर्ष, विचार, सामाजिक चेतना, प्रकृति प्रेरित जीवन और कला को शब्दों, रंगों एवं वक्तृत्व में जीवंत किया। डॉ. रेखा मंडोवरा, प्राचार्य सनातन धर्म महाविद्यालय ब्यावर ने कहा कि जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास, अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास ही भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को भूमि अधिकार, सामाजिक सम्मान और पारंपरिक मूल्यों की रक्षा हेतु संगठित किया। उनका संघर्ष न्याय, सत्य और स्वाभिमान की प्रेरणा बनकर आज भी समाज में जीवंत है।



## एनएचआई व टोलवे प्रबंधन द्वारा के. डी. जैन के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। राजस्थान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , किशनगढ़-ब्यावर एनएच-8 टोलवे प्रा. लि. एवं पिपलाज टोल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलक्ट्रेट ब्यावर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह में के. डी. जैन विद्यालय के जिला टॉपर विद्यार्थी कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के देव त्रिपाठी एवं कला वर्ग की हर्षिता कुमावत को जिला कलक्टर कमल मीना, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह एवं एनएचआई अधिकारियों द्वारा प्रमाणपत्र, पदक एवं टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय निदेशक सुयश तातेड़ ने इस सामाजिक सरोकार से जुड़े पहल के लिए एनएचआई एवं टोलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## नगरीय निकायों के कार्मिकों को राज्य कोष से शीघ्र मिलेगा वेतन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राजस्थान की समस्त नगरीय निकायों के कार्मिकों को राज्य कोष से वेतन का भुगतान शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। यह जानकारी राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक किशोर कुमार अग्रवाल ने दी। फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि प्रांतीय संयोजक अग्रवाल दो दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पधारे। इस दौरान नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्मिकों को आश्वस्त किया कि नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को शीघ्र ही राज्य कोष से वेतन का भुगतान प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में कई नवीन नगरीय निकायों के गठन के कारण सभी निकायों में पदों के स्टाफिंग पैटर्न का पुनः निर्धारण शीघ्र किया जाएगा। साथ ही कार्मिकों को चिकित्सा सुविधा के लिए आरजीएचएस योजना में आ रही विसंगतियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## अनवरत एवं निःशुल्क संचालित योग शिविर के 1477 दिन पूर्ण होने पर उदयपुर में भव्य समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर/कपासन (नि.स.)।** मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय योग केन्द्र द्वारा 19 अक्टूबर 2021 से अनवरत व निःशुल्क संचालित योग शिविर के 1,4,77 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मॉर्निंग योगा क्लब के तत्वावधान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय कुलगुरू प्रो. भगवतप्रसाद सारस्वत का मॉर्निंग योगा क्लब मुख्य संरक्षक के.के. शर्मा,सुधीर पोद्दार, गोपाललाल प्रजापत,भंवरलाल चौधरी व योगेंद्र शर्मा द्वारा माला,साफा,उपरना एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।इस दौरान स्पोर्ट्स बोर्ड चेयरमैन प्रो. वी.सी. गर्ग,एफ.एम.एस. कॉलेज निदेशक प्रो. मीरा माथुर,परीक्षा नियंत्रक मुकेश बारबर,डॉ. शैलेन्द्र सिंह राव,योग केन्द्र समन्वयक डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान,स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ. भीमराज पटेल, सहायक निदेशक खेल बोर्ड डॉ. हेमराज सिंह चौधरी आदि गणमान्यजन अतिथि रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. हनुमान प्रसाद,लायंस क्लब सेक्रेटरी यतीन्द्र बाबेल, श्री प्रीतम सिंह चुड़ावत, डॉ. नरेंद्र सनाढ्य, श्री सुरेश पालीवाल, डॉ. शुभा सुराणा, डॉ. जसवंत मेनारिया, डॉ. छैलबिहारी शर्मा, शिव जाखड़ एवं गोपाल डांगी सहित अनेक गणमान्यजन सहित उल्लेखनीय है।

बालिका से महिला तक सशक्तिकरण की नई दिशा

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'लाड़ो प्रोत्साहन योजना' एवं 'महिला समाधान समिति' की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़, (नि.स.)।** महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास तथा सशक्तिकरण को समर्पित ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' एवं ''लाड़ो प्रोत्साहन योजना'' अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति (ष्ठञ्जस्न) की बैठक मंगलवार को मिनी सचिवालय सभाकक्ष झालावाड़ में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

**लाडो योजना की कम प्रगति पर जिला कलक्टर ने जताई नाराजगी :** बैठक में लाड़ो प्रोत्साहन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने लम्बित आवेदनों पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए चिकित्सा विभाग और महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अक्टूबर तक के सभी पेंडिंग आवेदनों का वेरिफिकेशन पूर्ण कर पहली किस्त लाभार्थियों के खातों में जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के हित से जुड़ी किसी भी योजना में देरी अस्वीकार्य है। साथ ही, सरकार के शिविरों में बालिका जन्मोत्सव के आयोजन और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व लाड़ो योजना के आमुखीकरण हेतु कार्यशालाओं के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ की रोकथाम हेतु गठित समितियाँ सक्रिय रूप से कार्य करें और सभी विभागों एवं संस्थानों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज तभी सशक्त बनता है जब उसकी महिलाएँ सुरक्षित और आत्मनिर्भर हों।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल, समाज और निर्णय प्रक्रिया में पुरुषों के समान स्थान दिया जाना चाहिए। इन बैठकों में संबंधित विभागों के अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बीच-रिसोर्ट की फर्जी वेबसाइट से करोड़ों की ठगी

## गूगल बिजनेस अकाउंट बना लेते, बुकिंग का फोन ठगों के पास आता था, 2 भाई निकले मास्टरमाइंड

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शादियों और टूरिस्ट सीजन में ठग नई-नई तकनीक से लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। इस बार ठगों ने बीच रिसोर्ट की फर्जी वेबसाइट बना कर 1 साल में 100 से ज्यादा लोगों से 2 करोड़ की ठगी कर ली। आरोपियों ने पश्चिम बंगाल के 4 होटलों के नाम से वेबसाइट बनाई और इसके जरिए फर्जी बुकिंग कर लोगों को ठगा। ये साइबर ठग हूबहू वेबसाइट की कॉपी कर उसे गूगल बिजनेस अकाउंट पर रजिस्टर्ड कर लेते थे। जैसे ही बुकिंग का कॉल आता, उनसे होटल रिसेप्शनिस्ट बनकर कॉल करते और बुकिंग अमाउंट ले लेते। इसके बाद फोन ही उठाना बंद कर देते। असली रिसोर्ट मैनेजर के पास लोग इस ठगी की शिकायत करने पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में 2 सगे भाइयों को राजस्थान से अरेस्ट किया। मामला डीग के सीकरी पुलिस थाना इलाके के बेला गांव का है। बंगाल से आई पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से 2 भाइयों को पकड़ा। पश्चिम बंगाल पुलिस दोनों को अपने साथ पूर्वा मेदनीपुर ले गई है। पश्चिम बंगाल के पूर्वा मेदनीपुर कोतवाली के ैप् आकाश यादव ने बताया- मामले में दो सगे भाई जावेद (30) और अमजद (26) को 1 नवंबर को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों की ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल ले कर आई है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह देश के कई नामी होटल-रिसोर्ट की फर्जी वेबसाइट बना चुके हैं। जिनसे वह 2 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल के पूर्वा मेदनीपुर कोतवाली के ैप् आकाश यादव ने बताया- मेदिनीपुर में स्थित लग्जरी अमर ट्री रिसोर्ट के मैनेजर सौरविक चतुर्वेदी ने 11 मई 2025 को शिकायत दी थी। इसमें बताया- उनके होटल की हूबहू वेबसाइट बना कर कोई ठगी कर रहा है। ठगों ने गूगल बिजनेस अकाउंट बना कर अपने नंबर उस पर डाल दिए थे। इसके बाद जैसे ही टूरिस्ट कॉल करता ठग उन्हें रिसेप्शनिस्ट बनकर होटल की बुकिंग ले लेते और अपने अकाउंट में रुपए जमा करवा लेते। जब कुछ ग्राहक फर्जी बुकिंग होने पर रिसोर्ट आये तो, उन्हें इसके बारे में पता लगा।

### डीग से ठगी होने का इनपुट मिला था

पश्चिम बंगाल पुलिस पिछले 5 महीने से आरोपियों की तलाश में भी थी। इसके बाद उन्हें आरोपियों के बंगाल से 1400 किमी दूर बैठे डीग में होने का इनपुट मिला। जब पुलिस ने फर्जी वेबसाइट पर जुड़े नंबरों का पता किया तो, वह नंबर डीग जिले में सीकरी थाना इलाके के पाए गए। इस पर पश्चिम बंगाल पुलिस सीकरी पहुंची और, लोकेशन के आधार पर बेला गांव में दबिश दी। पश्चिम बंगाल और सीकरी पुलिस ने बेला गांव में दबिश देकर साइबर ठग दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया।

# विवाहिता ने पीहर में फंदा लगाकर किया सुसाइड

## चचेर भाई की शादी में शामिल होने आई थी

**पति बोला-6 साल बाद भी बच्चा नहीं होने से डिप्रेशन में थी**

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सागरपाड़ा गांव में सोमवार को विवाहिता ने पीहर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। कोमल (28) पत्नी कुलदीप की 6 साल पहले शादी हुई थी। बच्चा नहीं होने से डिप्रेशन में थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतका कुछ दिन पहले अपने चाचा के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए मायके आई थी।

सभी कार्यक्रम पूरे होने के बाद सोमवार रात को कमरे में फंदा लगा लिया। घटना का पता चलने पर परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कोमल को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति कुलदीप ने बताया कि शादी को छह साल हो चुके थे, लेकिन दंपती को संतान नहीं थी। इसी कारण कोमल पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद से जूझ रही थी। परिजनों का मानना है कि इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया।

पुलिस न शव का जिला अस्पताल का माच्युरा म रखवाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

# हाईवे पर बाइक सवार दंपती से लूटपाट, महिला-बच्चा घायल

## धौलपुर में अज्ञात बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में सोमवार रात हाईवे पर दो अलग-अलग लूट की वारदातें हुई। अज्ञात बदमाशों ने दो बाइक पर सवार परिवारों को निशाना बनाया, जिसमें दो महिलाएं और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सुआ के बाग के पास रात करीब 8 बजे हुई।

अपाचे बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने एक बाइक पर जा रहे गोलो और उनके पति को रोका। दंपती धौलपुर में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मारी, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गोलो गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद, लुटेरे महिला के गले से गहने और सोने का पैंडल छीनकर फरार हो गए। कुछ ही दूरी पर, उन्हीं बदमाशों ने दूसरी बाइक पर सवार एक दंपती और उनके लगभग 2 साल के बच्चे को भी निशाना बनाया। इस दौरान हुए हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और महिला के साथ भी लूटपाट की गई।

सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए इलाके में सघन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस के मुताबिक इस मामले में मेघ सिंह के पुत्र चंद्रभान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त कर ली है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

# टोल पूरा, व्यवस्था अधूरी : एनएच-44 पर कई जगह गड्ढे, डिवाइडर भी टूटे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर चंबल पुल से लेकर यूपी सीमा तक सड़क की हालत बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी परतें और टूटे डिवाइडर अब इस हाईवे की पहचान बन गए हैं। हालात यह हैं कि वाहन चालक हर दिन जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं, जबकि टोल वसूली पूरी ली जा रही है। लोगों का कहना है कि टोल टैक्स तो राष्ट्रीय स्तर पर तय दरों पर लिया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं शून्य हैं।

टीम ने चंबल पुल से लेकर यूपी बॉर्डर तक करीब 25 किमी रास्ते का जायजा लिया। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी थी। तो कई जगहों पर गड्ढे हो जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डिवाइडर के बीच कई जगहों पर अवैध कट बना दिए गए हैं, जिससे वाहन अचानक मुड़ते हैं और हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इससे डर का माहौल बना रहता है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि जब तक सड़क पूरी तरह दुरुस्त न हो जाए, तब तक टोल वसूली पर रोक लगाई जाए। सड़क की यह हालत न केवल यात्रियों के लिए परेशानी है बल्कि हर दिन संभावित दुर्घटनाओं का

खतरा बनी हुई है। ट्रक चालक रामवीर सिंह ने बताया हर रोज़ इसी हाईवे से गुजरना पड़ता है, टोल पूरा दे रहे हैं, लेकिन सुविधाएं कोई नही मिल रही है। बाइक सवार रामअवतार त्यागी ने बताया कि रात में स्ट्रीट लाइटें नहीं जलतीं, गड्ढे नजर नहीं आते और बाइक फिसल जाती है। 6सड़क मरम्मत हर 15 दिन में निरीक्षण व आवश्यक मरम्मत, महीनों से नहीं हुआ रखरखाव, कई जगहों पर उखड़ी एवं धंसी सड़क । 6डिवाइडर मेंटेनेंस डिवाइडर सुरक्षित व साफ रखने की जिम्मेदारी एनएचएआई की कई स्थानों पर डिवाइडर टूटे, अवैध कट बने 6स्ट्रीट लाइट / सोलर लाइट व्यवस्था हर 100 मीटर पर लाइटें चालू रहने का प्रावधान, लेकिन अधिकांश स्थानों पर लाइटें बंद, रात में हादसे का खतरा। 6एम्बुलेंस और इमरजेंसी फोन हेल्पलाइन (1033) 24 घंटे हेल्पलाइन और रेस्क्यू वाहन की सुविधा, लेकिन बोर्ड लगे हैं, लेकिन कॉल करने पर रिस्पॉन्स में देरी।



### एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी बोले- वर्जन देने के लिए हम अधिकृत नहीं...

एनएचएआई के एक जिम्मेदार अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि हाईवे पर सोलर लाइटें लगी हुई है, नियमित सफाई भी हो रही है बारिश के बाद सड़क मेंटीनेंस का कार्य भी शुरू कर दिया गया है, सड़क की स्थिति ठीक है। लेकिन उन्होंने अपना नाम छापने से स्पष्ट मना कर दिया कि हम वर्जन देने के लिए अधिकृत नहीं है।

# चलती बस में चढ़ने के दौरान बस के नीचे आने से युवक की मौत

## डीग के रोडवेज बस स्टैंड पर मंगलवार की शाम हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर के रोडवेज बस स्टैंड स्थित अग्रसेन सर्किल पर मंगलवार की सांय करीब पौने 5 बजे रोडवेज बस में चढ़ने के दौरान उसके नीचे आ जाने से एक 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना कोतवाली एस आई मोहन सिंह के अनुसार मंगलवार की शाम करीब पौने 5 बजे रोडवेज बस स्टैंड पर स्थित अग्रसेन सर्किल पर अजमेर डिपो की गोवर्धन अजमेर रोडवेज की चलती बस चढ़ने के दौरान उसके पहिए के नीचे आ जाने से अशोक 23 बर्ष पुत्र खिल्लन जाटव निवासी ककडा जिला डीग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचवा कर पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है। और रोडवेज बस को अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। मृतक अशोक रंग पेंट का काम करता था। जोकि दुर्घटना के समय रिश्तेदारी शादी में भाग लेकर कामा से लौट कर अपने गांव ककड़ा जा रहा था। मृतक के शव का पोस्ट मार्टम बुधवार को किया जावेगा। युवा अशोक की मौत से मृतक के परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बयाना में गुरु नानक देव जयंती पर आज होंगे भव्य धार्मिक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती के अवसर पर आज बुधवार को बयाना के मुख्य गुरुद्वारा साहिब में दिनभर भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जयंती को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को गुरुद्वारा परिसर में निशान साहिब का चोला बदला गया। इस अवसर पर ग्रंथ साहिब का पाठ, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुबह सवेरे श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी और नगर कीर्तन निकालकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों का प्रचार किया।

गुरुद्वारा के सेवादार राजेश छाबड़ा और पूरन चावला ने बताया कि आज सुबह गुरु ग्रंथ साहिब का दरबार सजाया जाएगा। इसके साथ अखंड शबद कीर्तन, गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ, कड़ाह प्रसाद वितरण और गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

# शहर की सफाई व्यवस्था हुई चौपट, जगह-जगह गंदगी के ढेर

## नाले हुए गंदगी से अवरुद्ध, गंदा पानी सड़क पर, नागरिक परेशान, शिकायत के बाद भी नही हो रहा समस्या का समाधान





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में सफाई व्यवस्था लगातार चौपट होती नजर आ रही है। शहर के प्रमुख नालों में गंदगी के आलम के चलते नाले अवरुद्ध हैं और गंदगी नाले से अब सड़क पर फैलती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना कहार गली के लोगो को करना पड़ रहा है। क्योंकी यहां आधे से अधिक शहर का गंदा पानी नाले में होकर निकलता है। ऐसे में नाले के आसपास कॉलोनी में रहने वाले लोग परेशान है। लोगों का आरोप है की गंदगी में पनप रही मच्छरों से अब बीमारियां फैल रही हैं।

कहार गली निवासी युवा राघवेंद्र ने बताया कि वे और कॉलोनी के लोग उक्त समस्या को महीनों से परेशान है। उन्होंने समस्या को लेकर कई बार सीएम पोर्टल पर शिकायत की हैं लेकिन कोई समाधान नहीं है। ऐसे में अब उन्होंने जिला कलेक्टर ऑफिस में फरियाद लगाई है। वही होद चंवरिया पाड़ा निवासी बुजुर्ग नेमीचंद ने बताया कि नाले पर पसरी गंदगी धीरे-धीरे पूरी सड़क पर जमा हो गई है। जिसमें मच्छर पनप रहे हैं और कॉलोनी के लोग बीमार हो रहे हैं। वे खुद इस समय बीमार हैं और उनकी हॉस्पिटल से दवाई चल रही है। वही तुलसीवन रोड निवासी बुजुर्ग महिला नैहनी बाई ने बताया कि उनकी दुकान के बगल में नाला है। जो हर वक्त बंद रहता है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता है। इसको लेकर उन्होंने कई बार सफाई निरीक्षक और सफाई जमादार से शिकायत की है लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है। साफ सफाई वाले आते हैं तो इधर-उधर कचरा निकाल कर केवल खानापूर्ति करते हैं। पूरे नाले की सफाई होगी तभी समस्या का समाधान होगा।

# युवक की हत्या के बाद हॉस्पिटल में हुई पंचायत

## शादी में खाने को लेकर हुआ था झगड़ाय फायरिंग के बाद का वीडियो भी आया सामने

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** डीग जिले के पहाड़ी इलाके में सोमवार को गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में गोली चलने की आवाज आ रही है। हालांकि मामले में मृतक के शव का अभी तक पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ है। अस्पताल में ही समाज की पंचायत जुटी है, जिसमें आसपास के गांव के लोग शामिल हैं। पंचायत में तय होगा कि आगे क्या करना है।

### फायरिंग का वीडियो भी सामने आया

तुलसी सैनी निवासी बोड़ोली ने बताया कि पहाड़ी अस्पताल में समाज के लोगों ने पंचायत की है। पंचायत में समाज के लोग जो भी निर्णय करेंगे, उसके अनुसार आगे बढ़ा जाएगा। इसलिए शव का अभी तक पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया गया है। पुलिस भी अभी तक आरोपियों को पकड़ नहीं पाई है। तुलसी सैनी ने बताया कि घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ग्यासी गुर्जर पक्ष के लोग हाथों में हथियार लेकर खड़े नजर आ रहे हैं। साथ ही वीडियो में गोली चलने की भी आवाज आ रही है। लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों को पकड़ नहीं पाई है।



### शादी में खाने को लेकर हुई थी कहासुनी

तुलसी सैनी ने बताया कि 3 पहले उनके परिवार में शादी थी, जिसमें खाने को लेकर ग्यासी गुर्जर पक्ष के एक युवक से कहासुनी हो गई। आज भी तुलसी सैनी के यहां कार्यक्रम था। इस दौरान ग्यासी गुर्जर पक्ष के लोग तुलसी सैनी के घर पहुंचे और उस दिन के झगड़े को लेकर फिर से झगड़ा करने लगे। तब दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। इस दौरान ग्यासी गुर्जर पक्ष ने तुलसी सैनी पक्ष पर फायरिंग कर दी। इसमें चंदन सैनी की मौत हो गई।

# भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने किया कीर्तिमान स्थापित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान वर्श 2024-25 के दौरान 11 राश्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में पहला स्थान प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं में देष के शीर्श राज्यों में शामिल रहा है। यह सब मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा के कुषल नेतृत्व और सुषासन का परिणाम है। इसके एवज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर में जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर एक-दूसरे को बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिन्दाबाद के नारों से जयघोश किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान के पहला स्थान प्राप्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का आलम है। अंगदान को बढावा देने तथा अंग प्रत्यारोपण में उभरते हुए राज्य के रूप में राजस्थान को वर्श 2025 के लिए प्रथम स्थान के साथ ही राश्ट्रीय पुरूस्कार से नवाजा गया है। इसके अतिरिक्त हर घर तिरंगा कार्यक्रम में रजत पुरूस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह एवं मनोज खण्डेलवाल, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी, जिला आईटी सह संयोजक सुनील सहनावली, जिला कार्यालय प्रभारी उत्तम षर्मा, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना एवं जीतू फौजदार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव सरपंच, मण्डल महामंत्री नरेन्द्र बराखुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ ताखा, जिला उपाध्यक्ष पंकज षर्मा, षुभम ठाकुर, वीरेन्द्र गुर्जर, कुलदीप पोशवाल, मनीश पहलवान, यषपाल जाट, अभय गुर्जर, कन्हैया जादों आदि उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं के खिलाफ ऑपरेशनः आंगई पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले की आंगई थाना पुलिस ने अवैध खनन के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य अवैध खनन, शराब, हथियार और वांछित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है।

गिरफ्तार आरोपियों में मुंडपुरा निवासी प्रहलाद (37) पुत्र बच्चू सिंह, राम बहादुर पुत्र विशाल सिंह, चिलाचांद निवासी इंदू खान पुत्र करीम खान, नूर मोहम्मद पुत्र सुरेश खान और कछपुरा निवासी लाल सिंह (45) पुत्र रामजीलाल शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी अवैध खनन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

इस अभियान में भरतपुर रेंज के महानिरीक्षक कैलाश चंद विश्नोई, धौलपुर के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, बाड़ी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार जांगिड़ और सरमथुरा के वृत्ताधिकारी नरेंद्र कुमार

मीणा का मार्गदर्शन रहा। कार्रवाई का नेतृत्व आंगई थानाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने किया।

पुलिस के अनुसार, अवैध खनन, अवैध शराब और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान जिलेभर में लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डिजिटल युग में साइबर सतर्कता और तकनीकी जागरूकता जरूरी

**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) जयपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक प्रो. एन. पी. पाढ़ी ने की। इस अवसर पर पैनलिस्ट के रूप में महानिदेशक एवं कमांडेंट जनरल होमगार्ड्स डॉ. मालिनी अग्रवाल (आईपीएस), वरिष्ठ अधिवक्ता राजदीपक रस्तोगी और पूर्व निदेशक एफएसएल राजस्थान एवं साइबर क्राइम विशेषज्ञ (सीडीटीआई, गृह मंत्रालय) डॉ. शैलेन्द्र झा शामिल रहे।


# भामाशाह ओमप्रकाश सैनी का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** डीग जिले के गांव सैंत कुम्हेर में आयोजित महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी विकास समिति द्वारा आयोजित लोधा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में भामाशाह ओम प्रकाश सैनी गोवर्धन बालों ने स्वागत किया गया। इस मौके पर लोधा समाज के गणमान्य व्यक्ति उद्योगपति ओमीराम पटेल, रूप सिंह, हुकम सिंह, रूप सिंह नंबरदार, परशुराम, चनोराम झीलरा, लाल सिंह लोढ़ा, सरपंच भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में कॉलेज स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देश अनुसार मंगलवार को बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में भाषण चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके साथ ही एक राज्य स्तरीय विकसित भारत 2047 तथा आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी शीर्षकों पर एक राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें जिले का नोडल केंद्र कला महाविद्यालय है। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर अशोक आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर गोविंद सिंह मीना ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अलावा दिनांक 10.11.2025 को बिरसा मुण्डा के जीवन पर महाविद्यालय में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता की नोडल संयोजिका प्रोफेसर चंद्रेयी बनर्जी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता के राज्य स्तर पर विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21000 द्वितीय 11000 तृतीय 5100 एवं 18 सांत्वना पुरस्कार 1100 प्रदान किए जाएंगे।

## अभिषेक तनेजा का जन्मदिन मनाया सेवा के विशेष अंदाज़ में




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा का जन्मदिन इस बार कुछ अलग और प्रेरक ढंग से मनाया गया। जन्मदिन पर केक या समारोह के बजाय मानसिक दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों के बीच उपहार, शिक्षण सामग्री और मिठाई वितरित की गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर आई मासूम मुस्कान ने कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। उपहार वितरण आदर्श मूक-बधिर एवं मानसिक विमंदित विद्यालय, खुदनपुरी रोड पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेखा महलावत ने बच्चों को गीत व नृत्य के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता करवाई। विद्यालय प्रधान पायल ने विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों की विशेष आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस और सर्दियों के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस सर्दी में जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां व बड़ी संख्या में कंबल वितरित किए जाने की विशेष योजना तैयार की गई है। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, दिवाकरी (गायत्री परिवार), नेक शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल की संचालिका प्रतिभा सिंह, समाजसेवी प्रशांत शर्मा (राजा), सुरभि शर्मा, इशिका शर्मा, रूपेश शर्मा एवं मनीष अरोड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया। इस अवसर पर इशिका शर्मा का भी जन्म दिवस मनाया।


## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 22 गैस सिलेंडर मय अन्य उपकरण जब्त



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घरेलू गैस की वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आज बहाला बस स्टैण्ड भरतपुर रोड स्थित मैसर्स ओमप्रकाश गैस रिफलिंग सेन्टर द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग का कार्य करने पर कार्रवाई करते हुए 22 गैस सिलेंडर मय एक मोटर, 2 रेग्यूलेटर, एक कांटा जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स मोहन गैस को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी श्री बनवारी लाल शर्मा, श्री कृष्ण कुमार बॉयल, श्री अशोक कुमार शर्मा, श्री गुलाब सिंह मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का आयोजन 7 नवम्बर को



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित गायत्री मन्दिर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में दिनांक 7 नवंबर 2025 को समय 12 से 1:00 बजे राजस्थान में भारतीय संस्कृति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कोटपूतली -बहरोड़ जिला के विराटनगर, पावटा, नारायणपुर, बानसूर ,कोटपूतली ,नीमराना ,माढण में भी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सरकारी और प्राइवेट 3सौ स्कूलों के परीक्षा मे 18हजार छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। जिला संयोजक पूर्व प्रिंसिपल श्री सुभाष यादव ने बताया है कि यह परीक्षा सभी स्कूलों के गुरुजनों के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर महेंद्र मास्टर, किशन सिंह यादव, सुरेश गुप्ता ,रामावतार सैनी, रघुवीर यादव, गणपत लाल शर्मा पूर्व प्रिंसिपल, नंदकिशोर बागोरिया, मातादीन सैनी पावटा वाले, सुरेंद्र मीणा कोटपूतली सुरेश कराणा, सुनील कुमार गंगावत शिक्षा विद , हजारीलाल यादव पूर्व प्रिंसिपल नीमराना व अन्य कार्यकर्ताओं तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं।

### दुनिया की दुर्लभतम जन्मजात बीमारियों में से एक

# राजस्थान में पहली बार दुर्लभ लिवर बीमारी का सफल इलाज, दुनिया में अब तक बेहद कम केस हुए रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। इटर्नल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक दिन के नवजात शिशु की जान बचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह बच्चा कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन नामक अत्यंत दुर्लभ जन्मजात बीमारी से पीड़ित था। यह राजस्थान का पहला सफल इलाज है। दुनियाभर में अब तक केवल 15-20 और भारत में 2-3 केस ही रिपोर्ट हुए हैं।

डॉ. अनुराग गुप्ता मुख्य इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने डॉ. ऋचा वैष्णव (गायनोकोलॉजी एवं ऑब्सटेट्रिक्स), डॉ. राजकुमार गोयल (पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी) और अन्य समर्पित टीम सदस्यों के साथ मिलकर इस नैदानिक सफलता की कहानी को बुना यह टीमवर्क और समन्वित देखभाल का उत्कृष्ट उदाहरण है।



**समय पर पहचान और एनआईसीयू देखभाल :** गर्भावस्था के 32वें सप्ताह में सोनोग्राफी के दौरान बच्चे के लिवर में नसों का एक असामान्य गुच्छा दिखाई दिया। इस कारण खून सीधे लिवर से हृदय की ओर जाने लगा, जिससे हृदय पर अत्यधिक दबाव पड़ा और हार्ट फेलियर की स्थिति बन गई। डॉ. ऋचा वैष्णव ने इस असामान्य स्थिति को गर्भावस्था के दौरान ही पहचाना और फेटल मॉनिटरिंग जारी रखी। जब हृदय पर दबाव बढ़ता दिखा, तो उन्होंने समय से पहले डिलीवरी करवाने का निर्णय लिया। डिलीवरी के बाद नवजात को डॉ. राजकुमार गोयल की देखरेख में एनआईसीयू में रखा गया। मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने 2ष्ठ ईको और क्लिनिकल मॉनिटरिंग से स्थिति का आकलन किया। चूंकि बच्चे की हालत बड़ी रङ्क मालफॉर्मेशन के कारण सुधार नहीं रही थी, इसलिए टीम ने डॉ. अनुराग गुप्ता (कंसल्टेंट - इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) के मार्गदर्शन में इंटरवेंशन करने का निर्णय लिया।

**बिना सर्जरी हुआ जीवनरक्षक इंटरवेंशनल प्रोसीजर :** डॉ. अनुराग गुप्ता और उनकी टीम ने बेहद पतली जांघ की नस के माध्यम से कैथेटर को लिवर तक पहुंचाया और उस असामान्य नसों के गुच्छे तक पहुँचे, जो लगभग हृदय के आकार से भी बड़ा था। उन्होंने सुरक्षित तरीके से लगभग 70त्न असामान्य रक्त वाहिकाओं को मेडिकल-ग्रेड ग्लू से बंद किया, जिससे हृदय की विफलता पूरी तरह ठीक हो गई। शेष हिस्सा दवाओं से धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगा। इस दृष्टिकोण से जोखिम न्यूनतम रखते हुए जीवनरक्षक परिणाम सुनिश्चित हुआ।

## घायल गौवंश का उपचार करने वालों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर मंगलवार सुबह एक गौवंश घायल अवस्था में बैठी हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाहक महेंद्र सैनी ने बताया कि सुबह तबेला मौहल्ला में एक गौवंश घायल बैठी हुई थी। जिसकी सूचना पर्यावरण प्रेमी व सामाजिक कार्यकर्ता जुगनू तमोली को दी। जुगनू तमोली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राजगढ़ पशु चिकित्सालय से डॉ जितेंद्र मीना व अक्षयपाल के नेतृत्व में गाय का इलाज किया गया। मौहल्ले वासियों ने सामाजिक कार्यकर्ता जुगनू तमोली, डॉ जितेंद्र मीना, अक्षयपाल, श्रीनिवास मीना का माला व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## जिले में 7 से 15 नवम्बर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने हेतु जिले 7 से 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम एवं आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत 7 नवम्बर को प्रातः 8:30 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला कलक्टर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर को नोडल अधिकारी एवं पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक को सह नोडल अधिकारी नियुक्त कर निर्देशित किया है कि विभागीय समन्वय से जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था पुख्ता रखे एवं सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर टैंट, फर्नीचर, लाइट, साउण्ड, माइक, पाव बैकअप, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन, चल शौचालय, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जावे। उन्होंने पर्यटन विभाग की साहयक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में जरूरी दिशा -निर्देश दिए।

## इन्द्रा देवी देवनानी पंचतत्व में हुई विलीन, हुआ देवलोक गमन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी का कल स्वर्गवास हो गया यह दुःखद ही नहीं बल्कि पीड़ादायक भी है !आज उनका शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके अन्तिम संस्कार में पहुँचे बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि वे स्व. लक्ष्मीदेवी देवनानी महिला न होकर एक देवी थी।

उन्होंने कहा कि उनकी वाकचातुर्यता के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी कायल रहे हैं। शेखावत ने कहा कि वे गृहलक्ष्मी का भी साक्षात् स्वरूप थी जो उनमें दिखाई देता था जिसकी बदौलत देवनानी जी कितनी बार चुनाव में जीते और लोकतंत्र की असली पहल में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके हाथ में माँ अन्नपूर्णा का स्वाद भी था जिसने भी उनके हाथ से बना खाना खा लिया अजमेर आगमन पर उनके हाथ की बनी रसोई खाने के लिए देवनानी के घर जाकर ही खाना जरूर खाता था उसका कारण था उन्होंने अपने रसोईए के हाथ से अतिथियों के लिए कभी खाना नहीं बनवाया !आज मैं भी दुःखी इसलिए हूँ कि खाना तो मिलेगा पर माँ अन्नपूर्णा के हाथों का स्वाद कहाँ मिलेगा !शेखावत ने शोक संतप्त परिवार का ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि यह भगवान विष्णु की लीला है !जो करते हैं ठीक करते है !प्रत्येक जीव को इस दुनियां से जाना है पर उसके कर्म जिन्दे जी और मृत्यु के बाद भी उसके साथ रहते हैं !इस दौरान देश स्तरीय नेताओं सहित प्रदेश स्तरीय नेता भी काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी आर्तिका ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### मतदाताओं से घर पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का लिया फीडबैक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत विधानसभा क्षेत्र अलवर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर हेल्पडेस्क, गणना प्रपत्र इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र अलवर ग्रामीण के मतदान केन्द्र संख्या 105, 106 बुर्जा, 155 इन्द्रगढ, 157 बंदीपुरा, 158,159 महुआ खुर्द, 160 महुआ कलाँ, 131, 132 दादर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा गणन पत्रों के वितरण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान केन्द्र पर स्थापित हेल्प डेस्क एवं नियोजित वॉलेन्टियर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदाता मेंपिंग कार्य की समीक्षा कर मेंपिंग कार्य को अधिक से अधिक मैपिंग किये जाने के निर्देश दिये गये। बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार से प्रारम्भ हुए गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने एवं उसे भराने के कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पालना कराते हुए पूरा करावे। साथ ही निर्देश दिये कि एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया व जानकारी मतदाताओं को देकर सुगमता व त्रुटिरहित गणना प्रपत्र भरवाए जावे। उन्होंने कहा की बीएलओ मतदाताओं को अवगत करावें कि बीएलओ एप पर मैपिंग हो चुके मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

जिले में अब तक 70 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की मैपिंग का कार्य बीएलओ एपपर किया जा चुका है। इस प्रकार जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होंगी। उन्होंने मतदान केंद्रों पर स्थापित की गई हैल्पडेस्क का निरीक्षण कर मतदाताओं को दी जा सूचनाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिये कि एसआईआर के कार्य के दौरान आईडी कार्ड पहनने, कार्य का समयबद्घ निष्पादन करने, दैनिक प्रगति का अभिलेखन बीएलओ सारांश शीट में दर्ज करने तथा बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय बनाकर एसआईआर के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं एवं बीएलए से संवाद कर एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने जिले के मतदाताओं से आह्वान किया कि 4 दिसंबर 2025 तक अपना गणना प्रपत्र नवीनतम फोटो एवं सूचनाओं के साथ अपने बीएलओ को जमा करावें।


जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री मुकेश कायथवाल ने विधानसभा क्षेत्र राजगढ-लक्ष्मणगढ के बूथों एवं जिले के समस्त ईआरओ ने संबंधित विधानसभा में मतदान केंद्रों व घरों पर जाकर मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया और मतदाताओं से फीडबैक लिया तथा एसआईआर की प्रकिया के बारे जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान हेल्पडेस्क, गणना प्रपत्र इत्यादि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए एसआईआर के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी अलवर श्री माधव भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा सुश्री नवज्योति कावरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद रहे।

### कार्तिक मास में स्नान करने वाली महिलाएं गाती हैं मंगल गीत

# बैकुंठ चतुर्दशी पर हुआ श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव मंदिर में 5100 दीपकों का भव्य दीपोत्सव,56 भोग की सजी झांकी

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** जन-जन के आराध्य देव कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव मंदिर में बैकुंठ चतुर्दशी पर एक माह से चल रहे कार्तिक मास का समापन श्री राधा दामोदर जी महाराज की पूजा अर्चना, घंटे घडियालों की मधुर ध्वनि के साथ नगर भ्रमण करते हुए परिक्रमा के साथ पूर्ण हुआ।

प्रातः काल से ही भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दीप उत्सव में भाग लिया और ठाकुर जी के निमित्त दीपदान किया। देव दीपावली का भव्य स्वरूप के सैकड़ो भक्तों ने दर्शन किये। शास्त्रों में वर्णित है कि इस दिन पृथ्वी मंडल पर और वैकुंठ में समस्त देवता दीपोत्सव पर्व मनाते है और भू मंडल पर भ्रमण करते हैं। इस दिन भगवान नारायण के बैकुंठ के द्वार सभी भक्तों के लिए खुले रहते हैं। हरि और हर का मिलन दिवस वैकुंठ चतुर्दशी को ही होता है। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्ण दास, पंडित मदन मोहन शास्त्री,पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि श्री राधा दामोदर भगवान श्री कृष्ण का एक अलौकिक नाम है।

यह कार्तिक का महिना श्री राधा दामोदर के निमित्त होता है। कार्तिक मास में दान, पुण्य, तप, दीप दान आदि का बड़ा विशेष महत्व है एक माह से चलने वाले कार्तिक मास में स्नान करने वाली महिलाएं मंगल गीत आदि गाकर भगवान के आलोक की छवि को रिझाती है। शास्त्री ने बताया कि मध्यान्ह 3 बजे श्री जगन्नाथ मंदिर से श्री राधा दामोदर जी महाराज का विसर्जन हुआ जिसमें सैकड़ों भक्त महिलाओं ने घंटे घडियालों की मधुर ध्वनि के साथ साथ राधा दामोदर जी की परिक्रमा लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए दामोदर जी महाराज का विसर्जन किया। इस मौके पर मंदिर महंत पूर्ण दास, पंडित मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, महेंद्र तिवारी एडवोकेट कन्हैया लाल लखेरा, मन्नू शर्मा, हरिओम गुप्ता, राजकुमार, गायत्री शर्मा, विहान तिवाड़ी,राजेंद्र सर्राफ, पारस सर्राफ, कुक्कन पकोड़ी, प्रकाश दीक्षित, मीनू खूंटेटा, शीला खूंटेटा, मुकुल बढ़ाया ,मयूर खंडेलवाल, अमन पवार,लोकेश जैन सहित अन्य श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

शास्त्री ने बताया कि श्री जगन्नाथ जी महाराज के सामूहिक 56 भोग का प्रसाद बुधवार कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को प्रातः मंगला आरती में वितरित किया जाएगा।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के वांटेड बदमाश के घर रेड

## बेबस पिता बोले- असली औलाद है तो सरेंडर कर दे, रिश्तेदारों ने भी आना-जाना बंद कर दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अगर असली औलाद है तो सरेंडर कर दे। गलत काम करने वाले का आखिरी अंजाम मौत होता है। हमारा सामाजिक जीवन खराब हो गया है। रिश्तेदारी भी खराब हो गई है। पड़ोसी-घरवाले भी घर आने से कतराते हैं। बेटा-बेटी की शादी नहीं हो रही।

ये बेबसी और लाचारी गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के वांटेड बदमाश योगेश स्वामी (28) के पिता शिवचंद स्वामी की है। गैंगस्टर श्रीगंगानगर जिले के मटीलीराठान का रहने वाला है। जिला पुलिस ने उसके घर पर रेड डाली। घर में उसका परिवार मिला। पुलिस को देखकर उसके पिता को अपने बेटे के गलत कामों पर शर्मिंदगी महसूस हुई। इसके बाद पिता ने एक वीडियो मैसेज एक बेटे को सरेंडर करने को कहा। बता दें कि बदमाश योगेश स्वामी पर आर्म्स एक्ट, धमकी और रंगदारी मांगने के मामले दर्ज है। इस पर साल 2016 में मटीलीराठान थाने में पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। जनवरी 2024 में श्रीगंगानगर के सदर थाने में केस दर्ज हुआ था। इसके बाद 23 जनवरी 2024 को पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है।

**पिता बोले- 5 साल पहले लड़ाई होने के बाद योगेश कभी नहीं मिला**-पिता शिवचंद स्वामी (52) ने कहा- बेटा योगेश कुमार के विदेश भागने की बात कही जाती है। वह हमारे कॉन्टैक्ट में नहीं है और न ही फोन करता है। करीब 4-5 साल पहले उसे थाने लेकर गए थे, उसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। इसके बाद मुझसे लड़ाई होने के बाद वापस घर नहीं आया। वह उससे आखिरी मुलाकात थी।

# एसआई-भर्ती पेपरलीक-

## गहलोत के पूर्व पीएसओ समेत 5 की जमानत खारिज-बेटे के लिए खरीदा था पेपर, हाईकोर्ट ने बेटे सहित 9 को दी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सब इंस्पेक्टर भर्ती पेपरलीक- 2021 के मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर राजकुमार यादव सहित 5 आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। वहीं उसके बेटे भरत यादव सहित 9 आरोपियों को जमानत दे दी है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की एकलपीठ ने आज 14 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। राजकुमार यादव को एसओजी ने अपने बेटे भरत यादव के लिए पेपर खरीदने के आरोप में 8 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। बेटा भरत यादव भर्ती एग्जाम में पास हो गया था। लेकिन इसके बाद फिजिकल में फेल हो गया था।

**गैंग सदस्य और पेपर सॉल्वर की जमानत खारिज**

हाईकोर्ट ने आज 14 आरोपियों की जमानत पर फैसला सुनाते हुए उनमें शामिल गैंग सदस्य, पेपर सॉल्वर और ट्रेनी एसआई की जमानत खारिज कर दी है। वहीं भर्ती में असफल रहे अभ्यर्थियों और अन्य को जमानत दे दी है।कोर्ट ने पेपरलीक गैंग के सदस्य विजय कुमार डामोर, पेपर सॉल्वर प्रवीण कुमार खराड़ी, सत्येन्द्र यादव, ट्रेनी एसआई समेता कुमारी और गहलोत के पूर्व पीएसओ राजकुमार यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी।

**इन्हें मिली जमानत**

वहीं, हाईकोर्ट ने पूर्व आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के रिश्तेदार राहुल कटारा, मीडिएटर रविन्द्र सिंह, असफल अभ्यर्थी नेहा पांड्या, नैतिक पांड्या, ऋद्धि पांड्या, भरत यादव, डमी कैंडिडेट्स अशोक सिंह व राधिका सिंह को जमानत दे दी।

# थरूर ने लिखा- भारत में पॉलिटिक्स फैमिली बिजनेस

## कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार, वंशवाद छोड़ना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा- भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है। जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने Indian Politics Are a Family Business लेख में लिखा- यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है।

### थरूर ने देशभर के कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया

थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

# पुष्कर मेला : साधु-संतों ने किया शाही स्नान, मटका-चेयर रेस में इंडियन जीते

## विदेशी टूरिस्ट ने रचाई हाथों में मेहंदी, कुश्ती दंगल में दिखाया दमखम





बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/पुष्कर ( नि.स. )।** पुष्कर मेले में पंचतीर्थ स्नान के तीसरे दिन ब्रह्म चतुर्दशी पर देशभर से संत-महंत पुष्कर आए हैं। सप्तऋषि घाट पर शाही स्नान हुआ। जिसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे। सुबह मंगला आरती से पहले ब्रह्मा जी का महा अभिषेक किया गया। इसके बाद 56 भोग की झांकी सजाई गई और मनमोहक श्रृंगार के साथ महाआरती हुई।

सैन भक्ति पीठ से सैनाचार्य अचलानंदाचार्य महाराज और राम रमैया राम के महंत प्रेमदास महाराज के सानिध्य में संतों की शाही यात्रा निकाली गई।सप्तऋषि घाट पर पहुंचने के बाद संतों की ओर से ब्रह्म सरोवर का पूजन-अभिषेक किया गया और शाही डुबकी लगाई गई। इस दौरान संतों ने नशे का त्याग करने का आह्वान किया और भगवान से हो रहे हादसों पर अंकुश लगाने की प्रार्थना की।

बाद में सुबह पहले मटका रेस हुई और इसमें देसी-विदेशी पर्यटकों ने खासा उत्साह दिखाया। इस दौरान दर्शकों की भीड़ रही। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। मटका रेस में बांदरसिंदरी की आचुकी चौधरी विजेता रही व म्यूजिकल चेयर रेस में मसूदा की अनीता कंवर प्रथम रही। इस प्रतियोगिता में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

वहीं मेले में आए पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा ने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। वहीं प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुचारू होने की बात कही है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- अलग रहना है तो शादी न करें

## पति-पत्नी में झगड़े होते हैं, बच्चों की क्या गलती कि उनका घर टूट जाए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शादीशुदा जोड़े में पति या पत्नी का अलग रहना नामुमकिन है। दोनों में से कोई भी यह नहीं कह सकता कि वे अपने पार्टनर से अलग रहना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि अगर कोई अलग रहना चाहता है तो उसे शादी नहीं करनी चाहिए।

बेंच ने कहा- शादी का क्या मतलब है, दो आत्माओं, दो लोगों का एक साथ आना। आप कैसे अलग रह सकते हैं? पति-पत्नी में कुछ न कुछ झगड़ा होता ही है। सुप्रीम कोर्ट एक ऐसे जोड़े के मामले की सुनवाई कर रहा था जिनके दो छोटे बच्चे हैं और वे अलग रह रहे हैं।

अब समझिए पूरा मामला क्या था... सुप्रीम कोर्ट पति-पत्नी के विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रहा था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुई महिला ने कहा कि ताली एक हाथ से ताली बजती। इस पर बेंच ने कहा कि हर पति-पत्नी के बीच कुछ न कुछ झगड़ा होता ही है। हम आप दोनों से कह रहे हैं। महिला ने दावा किया कि उसका पति सिंगापुर में रहता है और फिलहाल भारत में हैं। वह मामला सुलझाने को तैयार नहीं है। सिर्फ बच्चों की कस्टडी लेना चाहता है। इस पर कोर्ट ने हैदराबाद में रह रही महिला से पूछा कि आप सिंगापुर वापस क्यों नहीं जा सकतीं? महिला ने पति के व्यवहार को वजह बताया। उसने कहा सिंगल मदर होने की वजह से उसे नौकरी की जरूरत है क्योंकि पति से कोई खर्चा नहीं मिलता है। इस पर बेंच ने पति को 5 लाख रुपए जमा करने का निर्देश दिया। हालांकि, पत्नी ने कहा कि वह किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहती। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकतीं।

ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लेने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इसपर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है।

# भारत की मजबूत लोकतांत्रिक नींव के कारण दुनिया निवेश के लिए आकर्षित हो रही है : ओम बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की मजबूत और जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था से आकर्षित होकर दुनिया भारत में निवेश करने के लिए तेजी से इच्छुक हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओम बिरला ने कोलकाता में भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के 125वें वर्षगांठ समारोह को संबोधित किया।

# सोनिया-गांधी ने कई साल तक नागरिकता नहीं ली, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम आ गया : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**बांसवाड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा- आपने ये भी सुना होगा, ये भी पढ़ा होगा, कि क्रिकेट में पाकिस्तान जीत जाए तो इधर पटाखे फूटते हैं। क्यों फूटते पटाखे ये राष्ट्र की संकल्पना में नहीं होना चाहिए। बागड़े ने कहा- देश के नागरिक को देश के मानव बिंदुओं का आदर करना चाहिए। एक देश का खाना और दूसरों देश का गाना, वो देश का नागरिक सच्चा नागरिक नहीं बन सकता। बागड़े ने अपने उद्बोधन में कहा- मैंने पेपर में पढ़ा है, माननीय सोनिया जी गांधी ने कई सालों तक नागरिकता ली नहीं। लेकिन वोटर लिस्ट में नाम डाल दिया। ये भी आप पढ़े होंगे। राज्यपाल बांसवाड़ा की गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय और वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिन्दू एकेडमीशियंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता: विविधता में एक चेतना विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के



### बोले- इजराइल किसी से डरता नहीं

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे में अपने संबोधन में कहा- इजराइल ने इच्छा शक्ति से अपने देश का निर्माण किया है। उनका सपना था, उनका ध्येय था और उनकी दृष्टि थी। उनका आत्म-विश्वास था कि कभी न कभी हम हमारा देश निर्माण करेंगे ?और उन्होंने उनका देश निर्माण किया। आज इजराइल का नाम सारे दुनिया में लिया जाता है। इसके तीनों तीनों बाजू (तरफ) शत्रु राष्ट्र हैं। एक तरफ समुद्र है। लेकिन डरते नहीं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे में अपने संबोधन में कहा- भारत का गौरवशाली इतिहास और इसकी अनूठी संस्कृति हमेशा अक्षुण्ण रहेगी, उसे कोई भी मिटा नहीं सकता।

# जोधपुर में शादी समारोह में सिलेंडर ब्लास्ट

## 11 घायल, 8 को जोधपुर रेफर किया, राजस्थान में 3 दिन में तीसरा हादसा



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** जोधपुर में शादी समारोह में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। 8 घायलों में जोधपुर रेफर किया है। इनमें 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बावड़ी के पास हरढाणी में मंगलवार शाम हुआ।

हादसे की सूचना फिलहाल जोधपुर के एमजीएच हॉस्पिटल प्रशासन को नहीं मिली है। हालांकि, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. फतेहसिंह ने बताया कि डॉक्टर्स की टीम हर वक्त अलर्ट मोड पर रहती है। ताकि, झुलसे लोगों के जोधपुर पहुंचते ही उनका तत्काल उपचार शुरू किया जा सके।

बावड़ी चौकी प्रभारी एएसआई धर्मेंद्र ने बताया- एक घर में शादी की तैयारी के बीच सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। झुलसे लोगों को बावड़ी सीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद निजी वाहनों से सभी को जोधपुर रेफर किया गया।

**घायल बोला- धमाके साथ पत्थर गिरे, पता ही नहीं चला कैसे लगी**-हादसे में घायल एक व्यक्ति ने बताया कि उसके नाक और मुंह पर चोट लगी है। पता ही नहीं चला कि सीएनजी गैस की टंकी फटी या सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। तेज धमाका हुआ और कुछ पत्थर जैसे आकर गिरे। मुझे कैसे चोट लगी पता ही नहीं चला। एकदम से धुआं हो गया था।

# भारत की नवाचार यात्रा में ईएसटीआईसी 2025 बना ऐतिहासिक पड़ाव : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सहयोग से आयोजित 'उभरती रणनीतिक प्रौद्योगिकियां और नवाचार सम्मेलन 2025' में तीन क्रांतिकारी स्वदेशी इनोवेशन देश को समर्पित किए। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इसकी तारीफ की और इसे 'भारत की बड़ी टेक छलांग' बताया। तीन इनोवेशन में क्यूएसआईपी (क्वांटम सिक्योर इंटीग्रेटेड प्रोसेसर), 25-क्विबिट क्यूपीयू (क्वांटम प्रोसेसिंग यूनिट) और सीएआर-टी सेल थेरेपी शामिल है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ईएसटीआईसी 2025 भारत की बड़ी डीप-टेक छलांग से यादगार बन गया! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीएसटी के सहयोग से भारतीय इनोवेटर्स द्वारा विकसित तीन जबरदस्त इनोवेशन तोहफे में दिए- क्वांटम सिक्योर इंटीग्रेटेड प्रोसेसर: भारत की अपनी क्वांटम सिक्योरिटी चिप, 25-क्विबिट क्यूपीयू: भारत की पहली क्वांटम कंप्यूटिंग चिप और सीएआर-टी सेल थेरेपी: भारत की पहली स्वदेशी कैंसर सेल थेरेपी। 2 चिप्स + 1 थेरेपी। ये बड़ी सफलताएं भारत को एक ग्लोबल साइंस और टेक्नोलॉजी पावर हाउस के रूप में स्थापित करती हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# एसआईआर के खिलाफ कोलकाता में ममता का मार्च

## कहा- जैसे हर उर्दू बोलने वाला पाकिस्तानी नहीं, वैसे ही हर बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8किमी. लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज मंगलवार से एसआईआर शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है। एसआईआर पर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। जिसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं। इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा- यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा- ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए।

**एसआईआर में नागरिकता की जांच पर फोकस**-12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। सूत्रों के अनुसार असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी। राज्य में नागरिकता के उलझे हुए मुद्दे के बीच आयोग ये नया मॉडल तैयार कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर की घोषणा करते वक्त कहा था कि असम में नागरिकता को लेकर अलग प्रावधान हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार